दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 69 | सीकर, बुधवार 06 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सहित दो ठेकेदारों को रिश्वत लेते दबोचा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में अधिशाषी अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में दो ठेकेदारों को भी दबोचा गया है। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि विभाग में भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर निगरानी रखी जा रही थी। जांच में सामने आया कि अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद ठेकेदारों से उनके द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान के एवज में स्वयं के साथ-साथ अधीक्षण अभियंता खेमचंद मीणा के नाम पर भी रिश्वत की वसूली कर रहा था। एसीबी अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में भीलवाड़ा प्रथम इकाई के उप अधीक्षक पारसमल के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद को कलेक्ट्रेट कार्यालय भीलवाड़ा में ठेकेदार मोडूराम धाकड़ और बनवारीलाल से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। टीम ने मौके से 4 लाख 4 हजार रुपए की रिश्वत राशि बरामद की। इस दौरान दोनों ठेकेदारों को भी हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अधिकारी ठेकेदारों से संगठित तरीके से कलेक्शन कर रहा था। एसीबी अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस मामले में और कौन-कौन अधिकारी या कर्मचारी शामिल हैं। एसीबी अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जांच के दायरे को और बढ़ाया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों में भी हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

## वेबसाइट पर शहर के मास्टर प्लान के साथ भू-उपयोग की मिलेगी जानकारी




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगर परिषद सुजानगढ़ की प्लानिंग शाखा की ओर से शहरी प्रशासन एवं नागरिक सेवाओं को डिजीटल रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत सुजानगढ का मास्टर प्लान अर्बन जीआईएस पोर्टल पर लॉंच किया गया है। बीकानेर संभाग का यह पहला शहर जो वेबसाईट पर नगरीय क्षेत्र स्थित भूमियों का मास्टर डवलपमेंट प्लान के अनुसार भू-उपयोग की जानकारी देगा। सहायक नगर नियोजक उदय सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र स्थित भूमियों का मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग व प्रस्तावित सड़कों इत्यादि की जानकारी भूमि धारक लोकेशन के आधार पर प्राप्त कर सकेगें। यह पोर्टल राज्य के एकीकृत जीआईएस सिस्टम राजधरा का उपयोग करके नागरिकों का सुजानगढ़ मास्टर प्लान 2036 के अनुसार भू-उपयोग की जानकारी ऑनलाईन प्रदान करेगा।

## एरिया डोमिनेशन अभियान में 1 हजार 461 गिरफ्तारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट जयपुर द्वारा चलाए गए तीन दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। 2 मई से 4 मई तक चले इस विशेष ऑपरेशन में पुलिस ने 1461 वांछित एवं असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर अपराधियों में हड़कंप मचा दिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन तथा विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओमप्रकाश के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन के सुपरविजन में जयपुर के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण जिलों में एक साथ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों और जवानों की कुल 503 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने 1 हजार 793 स्थानों पर दबिश देकर अपराधियों की धरपकड़ की। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं टीमों को ब्रीफ कर मैदान में उतारा, जिससे अभियान को प्रभावी रूप मिला। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सभी डीसीपी को हार्डकोर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर, आदतन अपराधी, महिला अत्याचार के मामलों में वांछित, जघन्य अपराधों में फरार, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, साइबर अपराध, इनामी अपराधी, स्थायी वारंटी, भगोड़े एवं अन्य वांछित अपराधियों की अलग-अलग सूची तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इस अभियान के दौरान 1 हजार 461 वांछित एवं असामाजिक तत्व गिरफ्तार किए। जिनमें 106 स्थायी वारंटी एवं उद्घोषित अपराधी, 24 हिस्ट्रीशीटर, 11 जघन्य अपराधों में वांछित अपराधी, 44 सामान्य अपराधों में वांछित और 1004 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस विशेष ड्राइव में पुलिस लाइन, डीएसटी, थानों एवं कार्यालयों के कार्मिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की गई। अभियान का उद्देश्य न केवल वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी बल्कि शहर में कानून का भय स्थापित करना भी था। पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि जयपुर में शांतिए सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# उदयपुर-कोटा समेत 5 जिलों में बारिश : बालोतरा में ओले गिरे, पाली के बाली में अंधड़ से पेड़ गिरे; 8 डिग्री तक गिरा तापमान


जालोर


जयपुर


कोटा

**जयपुर.** राजस्थान में मंगलवार को कई जिलों में मौसम बदला। कोटा, उदयपुर, बालोतरा, जालोर, पाली में बारिश हुई। बालोतरा में ओले भी गिरे। आंधी, बारिश और ओले गिरने से पारा एक दिन में 8 डिग्री तक गिर गया। जयपुर, अलवर, सीकर, पिलानी समेत कई शहरों का अधिकतम तापमान सोमवार को 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 6 मई को भी राज्य के 11 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर समेत कई इलाकों में ओले भी गिरे। सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर में रही।

**कोटा-उदयपुर में बारिश :** बदले मौसम के कारण कोटा में पारा 4 डिग्री तक गिर गया है। आज कोटा-उदयपुर में बारिश हुई। कोटा में अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, अजमेर में सोमवार को हुई बरसात के कारण तापमान में गिरावट हुई है। अंधड़ के कारण बिजली के पोल भी गिर गए।

**सबसे गर्म जैसलमेर, अलवर ठंडा :** बीते 24 घंटे प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट हुई है, लेकिन रेगिस्तानी जिलों में अब भी पारा 42 डिग्री के करीब है। सोमवार को राजस्थान का सबसे गर्म जिला जैसलमेर रहा। यहां दिन का तापमान 42.3 डिग्री रहा। वहीं, अलवर में अधिकतम तापमान केवल 31 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

**8 डिग्री तक गिरा पारा :** अलवर में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री तक गिरावट हुई। जबकि पिलानी, सीकर, जयपुर, करौली, अजमेर, चित्तौड़गढ़, कोटा, गंगानगर, टोंक के तापमान में 4 से 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई। मौसम केंद्र के अनुसार 20 से ज्यादा शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ।

## शर्मा बनी जिला अध्यक्ष

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** समाज में कमजोर, शोषित और पीड़ित वर्गों के अधिकारों की रक्षा, जागरूकता, कानूनी सहायता और अन्याय व भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने वाला गैर राष्ट्रीय स्तर का सामाजिक संगठन मानवाधिकार विकास संघ है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तंवर ने सीकर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के रूप मे जिला अध्यक्ष सीकर डॉक्टर दिलीप सिंह की अनुशंसा पर सामाजिक संगठनों मे सक्रिय दीपिका शर्मा को नियुक्त किया है। गौरतलब है कि दीपका शर्मा हिन्दू जागरण मंच, सीकर व्यापार मंडल, अखिल भारतीय महिला परिषद जैसे संघठनों में भिन्न भिन्न पदों पर कार्यरत है। शर्मा को मिली नई जिम्मेदारी के लिए मानवाधिकार विकास संघ के समस्त जिला, प्रान्त एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों विहिप, बजरंग दल, गौ सेवा संघ सहित जयपुर, सीकर, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी सीकर से अनेक लोगो ने बधाई देकर प्रसन्नता व्यक्त की है। शर्मा ने सभी का आभार प्रकट कर जल्द जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए कहा है।

## डोटासरा बोले- बंगाल में लोकतंत्र को लूटा गया

### कहा- बीजेपी नेताओं को पूरा भरोसा है राजस्थान चुनाव में धांधली कर लेंगे

**जयपुर.** जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- राजस्थान में बीजेपी नेताओं को पूरा भरोसा है कि जिस तरह बंगाल में धांधली कर जीते हैं। वैसा ही राजस्थान में कर लेंगे, इसीलिए राजस्थान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा- जिस तरह बंगाल में लोकतंत्र को लूटा गया, उसी तरह हम राजस्थान में कर लेंगे। जयपुर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को डोटासरा मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान डोटासरा ने कहा- कान खोलकर सुन लो बीजेपी वालों। हम जान दे सकते हैं, लेकिन संविधान पर आंच नहीं आने देंगे।

## लायंस क्लब ने किया तीन जल मंदिरों की शुभारंभ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में राहगिरों की तकलीफ को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने शहर के तीन विभिन्न जगह पर जल मंदिरों का शुभारंभ किया है जिससे इस भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा एवं स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम जल मंदिर परमानंद सोनी के सौजन्य से स्टेशन रोड पर स्थित डॉक्टर एमपी तिवारी के अस्पताल के पास, दूसरा खटोडा बाजार में सीताराम सैनी के सौजन्य से तथा तीसरा जलमंदिर सीकर बाजार में सागरमल हलवाई के सौजन्य लगवाया गया है। इस मौके पर क्लब के डॉक्टर एमपी तिवारी, सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, परमानंद सोनी, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, ललित कुमार सैनी, सागरमल सैनी, हेमंत शर्मा एक्सिस बैंक, राजेश भातरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तनसुख कुमावत, शिवपाल योगी और राम सिंह सेंट्रल बैंक आदि उपस्थित रहे।

## नेत्र जांच शिविर आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** त्रिवेणी धाम शाहपुरा में कैलगरी आई हॉस्पिटल, निदान संस्थान एवं अजीतगढ़ नागरिक परिषद् जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज ने शिविर का विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया । अजीतगढ़ नागरिक परिषद के अध्यक्ष प्रो. बी एम शर्मा, सचिव कैलाश चंद्र सिपुरिया एवं उपाध्यक्ष ललित नरेडी ने माला, दुपट्टा, शॉल एवं परिषद् का मोमेंटो देकर महाराज श्री को सम्मानित किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर आनंदवर्धन शुक्ला, डॉ प्रीति गोयल, डॉ यामिनी सिंघल, हॉस्पिटल की संपूर्ण जांच की टीम के साथ निदान संस्थान से विमल जिंदल, अजीतगढ़ नागरिक परिषद् जयपुर के अध्यक्ष प्रो. बी एम शर्मा, ललित नरेडी, सचिव कैलाश सिपुरिया, सुभाष बंसल, संजय कांडा, डॉ विजय पारीक, सत्यनारायण छींपा, हंसराज पुनीवाला एवं अजीतगढ़ से रामू सैनी, सीताराम सीपुरिया, कमलेश अग्रवाल ने शिविर में आये समस्त लोगों का रजिस्ट्रेशन करवाने, जांच करवाने, ईसीजी करवाने आदि कार्यों में सहयोग किया । शिविर में 125 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 25 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिन लोगों का चयन किया गया उन्हें जयपुर स्थित कैलगिरि हॉस्पिटल ले जाया गया एवं ऑपरेशन के बाद उन्हें हॉस्पिटल द्वारा वापस त्रिवेणी भिजवाया जाएगा। जिन लोगों के चश्मे बनने थे, उनके चश्मे हाथों हाथ बनवाकर उनको चश्मे प्रदान किए गए। शिविर में बहुत संख्या में मरीज, अटेंडेंट्स, परिषद् के सदस्य, निदान संस्थान के कार्यकर्ता आए हुए थे। शिविर में कोटपुतली, मनोहरपुर, शाहपुरा, राड़ावास, अजीतगढ़, निथारा एवं आसपास के कई गांवों के लोगों की जांच कर उनमें से कुछ व्यक्तियों का ऑपरेशन के लिये चयन किया गया।

## एसओजी ने दिए आरजीएचएस घोटाले में पूरे प्रदेश में जांच के आदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में सामने आए बड़े घोटाले ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीकर में एक डॉक्टर और एक लैब संचालक की गिरफ्तारी के बाद अब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूरे प्रदेश में इसकी पड़ताल करने का निर्णय लिया है। एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दर्ज मुकदमे में सामने आया है कि कुछ सरकारी डॉक्टरों और निजी लैब संचालकों ने मिलीभगत कर सरकारी राशि का बड़े पैमाने पर गबन किया। यह योजना सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए है, जिसमें इलाज का खर्च सरकार द्वारा अस्पतालों को पुनर्भरण किया जाता है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि कई मामलों में मरीजों के नाम पर जांच की राशि उठाई गई जबकि वे संबंधित डॉक्टर के पास गए ही नहीं थे। डॉक्टरों द्वारा परामर्श पर्चियों पर अनावश्यक और महंगी जांचें लिखी जाती थी, जिन्हें एक ही निजी लैब में करवाकर बिल को कई गुना बढ़ा दिया जाता था। तुलनात्मक विश्लेषण में कुछ लैब के बिल अन्य लैब्स की तुलना में कई गुना अधिक पाए गए, जिससे संदेह गहराया और मामला स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आया। अब तक की कार्रवाई में सीकर स्थित एक लैब के संचालक डॉ बनवारी लाल को गिरफ्तार किया गया है जबकि उसके दूसरे साझेदार का निधन हो चुका है। वहीं सरकारी डॉक्टर कमल कुमार अग्रवाल उर्फ केके अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया गया है जो फर्जी तरीके से जांच लिखने में शामिल था। एसओजी के अनुसार अब तक की जांच में एक ही एजेंसी द्वारा करोड़ों रुपए के गबन के प्रमाण सामने आए हैं।

## कोबरी-सार




## विष्णुपुराण कथा का आयोजन 25 से

निसं




नोखा (नवयत्न)। पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में नोखा की धर्म धरा में पहली बार विष्णुपुराण कथा रसोत्सव का आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्नोई धर्मशाला, सुजानगढ़ रोड में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि श्री मरुनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। मंगलवार को कथा स्थान का भूमि पूजन एवं बैनर विमोचन का कार्यक्रम किया गया। पंडित भाईश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोखा की धरती पर विष्णुपुराण का यह दिव्य, नव्य एवं भव्य आयोजन होगा जिसमें समस्त सनातनी भागीदार बनकर अधिक मास का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। 7 दिवस चलने वाली कथा का समय दोपहर 2:15 बजे से 6:15 बजे तक रहेगा। कथा संदर्भ में बैनर का विमोचन किया गया। जिसमे राजकुमार सोनी, ओमप्रकाश सोनी, बजरंग सोनी, शिवकिशन सोनी, ताराचंद सोनी, शिवरतन सोनी, रामलाल सुथार, गणपत सोनी, कानाराम जाट, अंबाराम सुथार, जगदीश सोनी, विक्रम सोनी, विष्णु सोनी, मनोज सोनी, पीयूष सोनी, सौरभ सोनी, मिलन सोनी, खुशवंत शर्मा, बाबू सिंह राजपुरोहित, सूरज देवी, माया देवी, ज्योति देवी, मनीषा देवी, खुशी आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय हास्य महोत्सव : सेंट्रल पार्क में सजी हंसी की महफिल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में योगापीस संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हास्य महोत्सव 5जी गांधी वाटिका, सेंट्रल पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ महर्षि पतंजलि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पुरातत्व विभाग के अधीक्षक नीरज कुमार त्रिपाठी, योगापीस संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम, संरक्षक अशोक कुमार कोठारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगाचार्य मनीष सूर्यवंशी, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ अभिनव जोशी तथा वरिष्ठ पत्रकार हरि सिंह सोलंकी ने किया। कार्यक्रम में पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज का पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया गया। अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि जैसे दीपक बाहर उजाला करता है, वैसे ही हास्य रस हमारे अंतर्मन के अंधकार को दूर करता है और जीवन में आंतरिक शांति व प्रसन्नता लाता है। योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में हंसी ही सबसे बड़ा उपचार है और तीन इंच की मुस्कान उत्तम स्वास्थ्य का प्रतीक है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण हास्य प्रतियोगिता रही, जिसमें जयपुर के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हंसाया। प्रतियोगिता में हंसी के धुरंधर टीम प्रथम रही, जिसे 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। लाफिंग वायरस टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 11 हजार रुपए जीते जबकि हंसी के रसगुल्ले पूनम फाउंडेशन टीम तृतीय रही, जिसे 5100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में अर्चना त्यागी, योगाचार्य ललित मदान, योगाचार्य सुरेंद्र शर्मा और डॉ अरुण जोशी शामिल रहे। विजेताओं को पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, शरद खंडेलवाल, सौम्या गुर्जर, मेघ सिंह चौहान और विष्णु सिंह जादौन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन योगी अरविंद सेजवान, आरजे रविन्द्र एवं योगी आशीष कोठारी ने किया। इस अवसर पर योगाचार्य महेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत मीणा, इंद्रा शर्मा, मुक्ता गुप्ता और सुभाष सर्राफ सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनीष सूर्यवंशी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योगापीस संस्थान का उद्देश्य हर चेहरे पर मुस्कान लाना है और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

## आठ मई को रिलीज होगी राजस्थानी फिल्म हमारी बेटियां



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थानी सिनेमा प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। बहुप्रतीक्षित महिला सशक्तिकरण पर आधारित राजस्थानी फीचर फिल्म हमारी बेटियां 8 मई 2026 को रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रदर्शन जयपुर के जैम सिनेमा में किया जाएगा, जहां 8 से 14 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे इसका विशेष शो आयोजित होगा।

खास बात यह है कि इस दौरान दर्शकों को फिल्म की स्टारकास्ट से मिलने का अवसर भी मिलेगा। फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने बताया कि रिलीज से पहले ही फिल्म को लेकर राजस्थान फिल्म इंडस्ट्री में उत्साह का माहौल है। फिल्म महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित है, जो समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करती है। फिल्म में रेखा परिहार, ऋषभ साहू अशोक खडोलिया, संतोष कंवर, सनाया सैनी, विनय देव गौतम, सुभाष सेठ, रमेश मकवाना, विनोद शर्मा बरना, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, दीपक सिंह, माधुरी खंडेलवाल, कलावती पटेल, गौरान्वी शर्मा, सत्यनारायण पाटोदिया, महेश योगी, गोविंदा गुर्जर, चित्रांश गौतम, मुकेश तंवर, गर्वित चौहान, श्याम सुंदर साहू, सीता साहू, मीनाक्षी सेन, शंकर लाल कटारिया, गुरु सुमेर सिंह, भगत सिंह, हरिनारायण साहू और फूल सिंह पिपलाली सहित कई कलाकारों ने अभिनय किया है। स्वयं निर्देशक उग्रसेन तंवर भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की अभिनेत्री रेखा परिहार ने बताया कि यह फिल्म महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और आत्मनिर्भरता को दर्शाती है। फिल्म के निर्माता गणेश साहू और सह-निर्मात्री रेखा परिहार हैं। संगीत दिलबर हुसैन का है, जबकि गायन में रेखा परिहार और दिलबर हुसैन की आवाज सुनाई देगी।

फिल्म के तकनीकी पक्ष में कोरियोग्राफी राजेंद्र राव, चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर ज्योत्सना कौशिक, टेक्निकल डायरेक्टर अनिल के सैनी, मेकअप ममता अग्रवाल और चीफ कैमरा सुरेश खांडल का यफल्म में पांच कर्णप्रिय गीत शामिल हैं जो दर्शकों को आकर्षित करेंगे।

# विधायक बालकनाथ के बयान पर भड़का सैन समाज

## माफी नहीं मांगी तो दी आंदोलन की चेतावनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अलवर जिले के तिजारा से भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ के एक कथित विवादित बयान को लेकर सैन (नाई) समाज में गहरा आक्रोश सामने आया है। जहां मंगलवार को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। समाज ने चेतावनी दी कि यदि विधायक सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो आने वाले दिनों में सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। नारायण धाम अध्यक्ष विनोद करेल ने आरोप लगाया कि विधायक बालकनाथ ने एक जेईएन को फटकार लगाते हुए तू जेईएन है या नाई जैसी टिप्पणी की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। समाज ने इस बयान को अपमानजनक बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह न केवल नाई समाज बल्कि मेहनतकश व दस्तकार वर्ग का भी अपमान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान खेद व्यक्त करते हुए माफी भी मांगी लेकिन समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक विधायक स्वयं सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते तब तक विरोध जारी रहेगा। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि नाई समाज परंपरागत रूप से सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और जन्म, विवाह सहित विभिन्न संस्कारों में 36 कौम के साथ खड़ा रहता है। ऐसे में इस तरह की टिप्पणी से समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। केश कला विकास के प्रदेश मंत्री रामावतार भैंसवा ने संत शिरोमणि




सेन महाराज और जननायक कर्पूरी ठाकुर का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज का ऐतिहासिक योगदान रहा है और किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा जाति विशेष पर टिप्पणी करना सामाजिक समरसता के विपरीत है। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई और विधायक ने माफी नहीं मांगी तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा, जिसका असर आगामी चुनावों में भी देखने को मिल सकता है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि किसी भी समाज के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग उचित नहीं है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनते हुए परिवार के मुखिया के रूप में खेद जताया और विधायक से भी इस संबंध में बातचीत करने की बात कही।

## आरजीएचएस व्यवस्था पर भड़का कर्मचारियों का गुस्सा, काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस में पिछले एक वर्ष से इलाज नहीं मिलने की समस्या को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया है। इसी से नाराज होकर राज्य कर्मचारियों ने मंगलवार से आंदोलन की शुरुआत करते हुए काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। और साथ ही सरकार को चेतावनी दी कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। राजधानी जयपुर के गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। करीब आधे घंटे के प्रदर्शन के बाद कर्मचारी



काली पट्टी बांधकर ही अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटे। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की तनख्वाह से राशि कटने के बावजूद उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। निजी अस्पतालों में उपचार बंद है और फार्मेसी से दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को भुगतान नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी है, जो सरकार के लिए चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो ब्लॉक, तहसील, जिला और प्रदेश स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा। साथ ही यह भी सवाल उठाया कि कर्मचारियों के खातों से कट रही राशि का उपयोग कहां हो रहा है, इसकी मॉनिटरिंग आवश्यक है।

वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ महेश शर्मा ने कहा कि अब तक केवल आश्वासन मिले हैं लेकिन बकाया भुगतान और ठोस निर्णय नहीं होने तक आरजीएचएस का बहिष्कार जारी रहेगा।

उन्होंने योजना की संरचना में गंभीर खामियों की ओर भी ध्यान दिलाया। कर्मचारियों के इस विरोध से स्पष्ट है कि आरजीएचएस की व्यवस्था को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है, जिसे दूर करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

## अपना घर आश्रम नोखा ने बिछड़े भाई को मिलाया परिवार से

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मानवता और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपना घर आश्रम नोखा ने एक बार फिर एक बिछड़े हुए व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाकर समाज के सामने प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम प्रभुजी पिछले लगभग छह महीनों से अपने घर से लापता थे। वे रोजगार की तलाश में गुजरात की ओर गए थे लेकिन परिस्थितियोंवश ट्रेन छूट जाने के कारण वे खाटूश्यामजी पहुँच गए। वहाँ पहुँचने के बाद उनका मानसिक संतुलन काफी बिगड़ गया और वे असहाय अवस्था में जीवन यापन करने लगे। इसी दौरान अपना घर आश्रम नोखा की टीम ने 7 मार्च 2026 को उन्हें रेस्क्यू कर आश्रम में आश्रय दिया। आश्रम द्वारा उन्हें आवश्यक देखभाल, चिकित्सा सुविधा, दवाइयाँ तथा रहने-खाने की समुचित व्यवस्था प्रदान की गई। साथ ही निरंतर काउंसलिंग और प्रयासों के माध्यम से उनके परिवार के बारे में जानकारी जुटाई गई। लगातार प्रयासों के बाद आश्रम टीम ने उनके भाई का संपर्क नंबर प्राप्त कर उनसे बातचीत की। जैसे ही परिवार को राधेश्याम प्रभुजी के



बारे में जानकारी मिली, उनके घर में खुशी की लहर दौड़ उठी। तत्पश्चात उनका भाई स्वयं अपना घर आश्रम नोखा पहुँचा और भावुक माहौल में अपने भाई को साथ लेकर गया। राधेश्याम प्रभुजी के भाई ने आश्रम की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि अपना घर आश्रम नोखा द्वारा किया गया यह कार्य वास्तव में मानवता की सच्ची सेवा है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। अपना घर आश्रम नोखा द्वारा इस प्रकार निरंतर लावारिस, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर उन्हें नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है, जो समाज में मानवता की ज्योति को प्रज्वलित रखे हुए है।

## मेंटल हेल्थ कार्यशाला आयोजित

### प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ होने से कार्य को मिलेगी मजबूती : गुप्ता

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के कॉपर क्लब में मंगलवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। एचसीएल व एमट्रॉन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता से पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य का अनुभव करें विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका कर्मियों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लेकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हासिल की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी के कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक खदान पीडी बोहरा, महाप्रबंधक मानव संसाधन एस शिव दर्शी, महाप्रबंधक कंसनट्रेटर वीके इंद्रा, केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना मौजूद थे। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य का संतुलित रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यस्थल पर बढ़ते दबाव और जिम्मेदारियों के कारण तनाव में वृद्धि हो रही है, जिसका सीधा असर व्यक्ति की दिनचर्या, कार्यक्षमता और व्यवहार पर पड़ता है। मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता



ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके कर्मचारियों के शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर भी निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित होगा तभी कार्य में गुणवत्ता, उत्पादकता और सामूहिक समन्वय में मजबूती आएगी। उन्होंने कर्मचारियों को सलाह दी कि वे तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और समय-समय पर संवाद के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखें। साथ ही इस प्रकार की कार्यशालाओं को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि कार्यस्थल का वातावरण अधिक स्वस्थ और सहयोगात्मक बन सके। मुख्य वक्ता इति महेश्वरी, लवलीन कौर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने बताया कि लगातार काम का दबावए प्रतिस्पर्धा और निजी जीवन की जिम्मेदारियां व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। ऐसे में सम-समय पर स्वयं के लिए समय निकालना, योग, ध्यान, सकारात्मक सोच और खुलकर संवाद करना बेहद जरूरी है। एस शिवदर्शी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह की जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाती रहेंगी। मुन्नालाल जैदिया ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनीष गवई, भूपेश भंभोरिया, विपिन शर्मा, वीबी गुप्ता, डॉ दीपिका खुराना, सजू सी सेम, अरुणव भंडारी, सुनील कटेवा, डॉ गोपाल राठी, देवेंद्र वर्मा, संतोष बारीक, विनायक साहू, हसरत हुसैन, यशोराज मीणा, राजेश डाढेल, भूषण रोजा, महेंद्र शर्मा, एलएम जोशी, हरिचरण, राजा आशीष, सुमन, मनोज लामोरिया, बाबूलाल सैनी, पार्वती, सुधा शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार थार की टक्कर से महिला टायर में फंसी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रा पथ थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार थार गाड़ी ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारकर करीब 20-25 फीट तक घसीट दिया। हादसे में महिला वाहन के अगले टायर के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार विजय पथ स्थित एसबीआई बैंक के सामने हुई इस दुर्घटना में मानसरोवर निवासी नेहा श्रीवास्तव घायल हुई हैं। वह एक्टिवा से घर से निकलकर बाजार जा रही थी तभी पीछे से आई तेज रफ्तार ब्लैक थार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला गाड़ी के साथ घसीटती चली गई और टायर के नीचे फंस गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने तुरंत महिला को बाहर निकालकर साकेत अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर हालत में उन्हें दोपहर करीब 1 बजे वेंटिलेटर पर रखा गया। महिला के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। नेहा के देवर अर्पित सक्सेना ने बताया कि वह हादसे के समय पीछे ही थे। उन्होंने बताया कि थार चालक पहले नीचे उतरकर स्थिति देखता रहा, फिर दोबारा गाड़ी में बैठ गया। बाद में लोगों के पहुंचने पर गाड़ी को पीछे लेकर महिला को निकाला गया।

## दो माह से फरार दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने और मारपीट के मामलों में फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी बदमाश देवेन्द्र उर्फ लालू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले दो माह से पुलिस की पकड़ से दूर था। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि 7 मार्च 2026 को परिवादी विजय सिंधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन अज्ञात बाइक सवारों ने उनके साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। इस संबंध में ब्रह्मपुरी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह राणावत के सुपरविजन में ब्रह्मपुरी थानाधिकारी हेमंत जनागल के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपी देवेन्द्र उर्फ लालू को जयपुर से दबोच लिया। ब्रह्मपुरी थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि इससे पहले इसी प्रकरण में निशांत महावर और सागर गुर्जर को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य आरोपी देवेन्द्र उर्फलालू, लाला महाराज की बगीची कागदीवाड़ा का निवासी है और ब्रह्मपुरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

उसके खिलाफ मारपीट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं जिनमें कुछ में चार्जशीट पेश हो चुकी है, जबकि दो मामलों में जांच जारी है।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाली एसवीएस गैंग का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाली अंतर्राज्यीय एसवीएस गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन सहित एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाकर एटीएम बूथ में धोखाधड़ी करते थे और बाद में खातों से रकम निकाल लेते थे।

फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाली अंतर्राज्यीय एसवीएस गैंग के शातिर बदमाश वीरेंद्र सिंह निवासी रामपुरा थाना सेवर जिला भरतपुर, सोनू वैष्णव निवासी नदबई हाल गांधी नगर जिला भरतपुर तथा सद्दाम निवासी बलराम नगर लौणी जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी एसवीएस (सोनू, वीरेन्द्र, सद्दाम) नाम से गैंग चलाते थे और



वारदात के दौरान आपस में कोड वर्ड का उपयोग करते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग के सदस्य भरतपुर के सेवर क्षेत्र में एकत्र होकर वारदात की योजना बनाते थे। इसके बाद किसी शहर को चिन्हित कर वहां पहुंचते और एटीएम बूथ के बाहर खड़े होकर बुजुर्ग महिला-पुरुषों की रेकी करते थे।

आरोपित मदद के बहाने एटीएम में घुसते और बातों में उलझाकर कार्ड बदल लेते थे। इसके बाद दूसरी जगह जाकर खातों से पैसे निकाल लेते थे। वारदात के बाद मुख्य मार्गों से बचते हुए गलियों के रास्ते फरार हो जाते थे। आरोपितों ने राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सक्रिय थे तथा वारदात के बाद बड़े शहरों के होटलों में ठहरकर रकम का बंटवारा करते थे। तीनों आरोपी हाल ही में जेल से छूटने के बाद फिर सक्रिय हुए थे। इसके अलावा आरोपितों का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है।

इनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी, चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में करीब तीन दर्जन मामले दर्ज हैं। विशेष रूप से आरोपी सोनू के खिलाफजयपुर और भरतपुर में कई प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपितों से गहन पूछताछ कर अन्य वारदातों के खुलासे में जुटी है। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि एटीएम का उपयोग करते समय किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें और अपने कार्ड व पिन की जानकारी गोपनीय रखें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने 26 अप्रैल को दर्ज प्रकरण के बाद विशेष टीम गठित की।

पुलिस टीम ने करीब तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए तकनीकी विश्लेषण किया और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपितों के रूट का चार्ट तैयार किया। और फिर करीब 450 किलोमीटर तक पीछा कर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया । जानकारी के अनुसार आरोपितों को पकड़ने में पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी राजेन्द्र सिंहए सहायक उप निरीक्षक सुनील चौहान, हैड कांस्टेबल बलराम, मालीराम, तकनीकी शाखा के दिनेश कुमार, कांस्टेबल सुनील, गजानन्द, अमित कुमार, राजेन्द्र एवं नरेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी एवं असम में दर्ज की गई ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में भव्य आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। सीकर रोड स्थित वार्ड 25 में आयोजित इस कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद सुरेश जांगिड़ की मौजूदगी में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जीत की खुशी साझा की। पूरे क्षेत्र में भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत केवल भारतीय जनता पार्टी की नहीं बल्कि देश की जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने सुशासन, विकास और पारदर्शिता की राजनीति पर मुहर लगाते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इस दौरान कार्यक्रम में चिरंजी लाल सैनी, मनोज कुमावत और कमल राय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की इस सफलता का जश्न मनाया और भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित आतिशबाजी कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया।

# डोटासरा ने केंद्र सरकार को घेरते हुए लगाया संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पांच राज्यों के हालिया विधानसभा चुनावों के बाद केरल में कांग्रेस गठबंधन की भारी बहुमत से सरकार बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह जीत पार्टी नेतृत्व, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी के अथक प्रयासों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दस वर्षों बाद केरल में कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। डोटासरा ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए और कहा कि कई राज्यों में चुनाव प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़े हुए हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनावों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वहां बड़े पैमाने पर प्रशासनिक हस्तक्षेप किया गया।

बड़ी संख्या में अधिकारियों को हटाया गया, केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई हुई और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय हैं और पूरे देश को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। राजस्थान के संदर्भ में डोटासरा ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं कराए जा रहे हैं, जो संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

साथ ही उन्होंने पेयजल संकट, बेरोजगारी, अपराध की बढ़ती घटनाओं और आरजीएचएस योजना में कर्मचारियों को इलाज नहीं मिलने जैसी समस्याओं को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने टोंक में बजरी माफिया द्वारा पुलिसकर्मी की हत्या जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इसके अलावा पेपर लीक मामलों और युवाओं को रोजगार नहीं मिलने को लेकर भी सरकार की आलोचना की। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर आमजन के वोट के अधिकार की रक्षा करेंगे और किसी भी प्रकार की तानाशाही या एजेंसियों के दुरुपयोग को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस जनता के समर्थन से मजबूती से आगे बढ़ेगी।



## भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

निसं

**डूण्डलोद ( नवयत्न )।** डूंडलोद गढ़ के सामने भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा की प्रचंड विजय होने पर भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा एवं सीताराम सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया व एक दूसरे को जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के सुभाष चंद्र भूत, मदन लाल स्वामी, महेश चंद्र, भीम सिंह, सुरेश कुमार नूआवाला, गंगाधर किलानिया, रघुवीर प्रसाद सैनी, रघुवीर सिंह पंवार, लाल सिंह पंवार, किशन सिंह उदावत, शेर सिंह धाबाई, मनोहर लाल सैनी, भंवर लाल सैनी, आलोक परसरामपुरिया, शुभम बिकावत, अजय मिश्रा, जगदीश प्रसाद सैनी, जीवराज यादव, ललित कुमार अग्रवाल, हरपाल सिंह, दिनेश कुमार मेढ़, लालचंद सोनी, दौलत गढ़वाल, उमेश शर्मा, रामदेव सिंह, चंद्र सिंह उदावत, मनीराम, सुभाष चंद्र शर्मा, बसंत कनोडिया, संजू पारीक, महेश पाराशर एवं रतन सिंह शेखावत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय प्रगणक, पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



निसं

**डूण्डलोद ( नवयत्न )।** डूण्डलोद के महात्मा गाँधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनगणना के लिए प्रगणक, पर्यवेक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। फिल्ड ट्रेनर मनीषा शर्मा एवं कमल शर्मा ने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना के दौरान आने वाली समस्याओं के सामाधान की विस्तृत जानकारी दी गई। चार्ज अधिकारी कृष्णा ने सभी जनगणना के दौरान पूर्ण तैयारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मनीषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी जो कि प्रथम चरण 16 मई से 14 जून तक जिसमें मकान सूचिकरण एवं दूसरे चरण में व्यक्ति विशेष की गणना होगी। फिल्ड ट्रेनर मनीषा शर्मा ने आम जनता से अपील की है कि जनगणना के लिए अपने घर पर आने वाले प्रगणकों को सहयोग कर सही जानकारी प्रदान करने की अपील की है। 2027 में होने वाली ये प्रथम डिजिटल जनगणना है जो एचएलओ ऐप के माध्यम से भी कर सकते है।

## छात्रों को बाल विवाह, घरेलू हिंसा पर किया जागरूक



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति नोखा द्वारा आयोजित इस शिविर में स्कूली विद्यार्थियों को कानूनों की जानकारी देकर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीकानेर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। शिविर का संचालन तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष लीलूराम सिहाग के मार्गदर्शन में किया गया।

### 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स को दी जानकारी

कार्यक्रम के तहत राजकीय राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय और आदर्श राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोखा के कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। उन्हें बाल विवाह निषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह राठौड़ ने छात्रों को बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि उन्हें अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो वे तुरंत प्रशासन या हेल्पलाइन पर इसकी सूचना दें।

### घरेलू हिंसा के बारे में बताया

तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव ओमप्रकाश देवड़ा ने घरेलू हिंसा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि शारीरिक उत्पीड़न के साथ-साथ मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न भी घरेलू हिंसा की श्रेणी में आता है। देवड़ा ने महिलाओं और बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। पैरा लीगल वॉलिंटियर साहिल खान ने विद्यार्थियों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति नि:शुल्क विधिक सहायता का लाभ उठा सकते हैं।

## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के अस्पताल प्रशासन की ओर से वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों के लिए विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सिंग अधिकारियों द्वारा हाथों की स्वच्छता के महत्व को बताते हुए सही तरीके से हाथ धोने के सात चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों को संक्रमण से बचाव हेतु नियमित रूप से हाथ धोने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों, मेस स्टाफ तथा अन्य विभागों के कार्मिकों को भी स्वच्छता एवं हाइजीन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अस्पताल अधीक्षक प्रोफेसर उदयराज सरोज ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जाती है। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक किया जाता है। आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ आभा सिंह ने बताया कि मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल में स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन द्वारा कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों एवं उनके परिजनों को भी समय-समय पर जागरूक किया जाता है, जिससे संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व सचिव-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार विशेष अभियान के तहत बाल विवाह व घरेलू हिंसा निषेध ष्विधिक केम्प बाल भारती इंटरनल उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए, बाल विवाह निषेध कानून व घरेलू हिंसा रोकथाम कानून की भी जानकारी दी। बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन1098, नालसा हेल्प लाइन 15100, राजस्थान संपर्क पोर्टल टोल फ्री नंबर 181 का उपयोग जरूरत के समय करने के लिए बार-बार दोहरा कर याद करवाये। अध्यक्षता कर रही संस्था प्रधान मैना जानू ने विधिक जानकारी को जीवन में अपनाकर जरूरत पड़ने पर इसका उपयोग करने की अपील विद्यार्थियों से की।

## प्रीति जेवरिया का सम्मान आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** रवां ग्राम पंचायत के अंबेडकर पार्क में बुधवार सुबह सवा दस बजे आईपीएस प्रीति जेवरिया का ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। एडवोकेट शिवकुमार जेवरिया ने बताया कि प्रीति जेवरिया ने यूपीएससी परीक्षा में 521 वी रैंक प्राप्त करने पर बुधवार को रवां गांव में सम्मान समारोह का आयोजन बहादुरमल जेवरिया द्वारा किया जा रहा है। सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग, एसपी कावेंद्रसिंह सागर, नारनौल एसपी दीपक जेवरिया सहित गणमान्य लोग समारोह में भाग लेंगे।

## नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा स्व प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में भामाशाह कमला सिंघी के सौजन्य से आयोजित हुए नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में 61 नेत्र रोगियों के सफल लेंस प्रत्यारोपण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क किए गए। ऑपरेशन हुए रोगियों को नि:शुल्क दवा व चश्मे दिए गए। इस अवसर पर समाजसेवी विमल पाटनी, क्लब प्रतिनिधि ललित सोनी, निर्मल बोकड़िया, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र भोजक, कुणाल सोनी, मूलचंद तिवाड़ी, पूसाराम आदि मौजूद थे।

## शिविर में आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक


सपना शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले में टीबी मुक्त भारत के तहत चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिले के अखेपुरा, गोविन्दपुरा और विजय नगर में लगे शिविर में हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से संभावित टीबी रोगियों तथा मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों का एक्स-रे किया गया। साथ ही शिविर में टीबी की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में सरपंच व उप सरपंच ने भी विभाग की टीम का सहयोग करते हुए गांव में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया। अधिक से अधिक लोगों शिविर में लाभान्वित हो सके, इसके लिए सरपंच, उप सरपंच, एएनएम, आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने टीम की अलग अलग मोहल्लों व गली में जाकर लोगों को शिविर की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट द्वारा सीएचसी पलसाना, उप जिला अस्पताल खाटू एवं गांवों में लगे शिविर स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों को शिविर में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट ने बताया कि हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा शीघ्र ही शिविर स्थल पर संभावित टीबी रोगी का एक्स-रे कर एआई माध्यम से रिपोर्ट मरीज को उपलब्ध करवाई जा रही है। शिविर के दौरान डॉ रतन लाल ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण बचाव और नियमित उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पलसाना बीसीएमओ डॉ नितेश कुमार शर्मा, जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रोहित माथुर, एसटीएस विजय कुमावत आदि मौजूद रहे।

## हीट वेव : आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा विभाग सतर्क

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में हीट वेव के बचाव एवं रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंधन किये जाने के लिए निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत और जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसमे इमरजेंसी कक्ष का प्रबंधन सुनिश्चित करने, तापमान नियंत्रण के लिए एसी/कूलर/पंखे/पर्दे इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर लू-तापघात से पीड़ित रोगियों के लिए बेड आरक्षित कर उपचार के लिए व ओआरएस कॉर्नर स्थापित किये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। लू-तापघात के उपचार में आने वाली आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हीट स्ट्रोक से संबंधित आने वाले केसों का उपचार करने के साथ ही तापमान की अधिकता की स्थिति में मनरेगा कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा चिकित्सा संस्थानों में हीट वेव से बचाव सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे ओपीडी रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण काउंटर पर छाया, पीने का स्वच्छ शीतल जल की व्यवस्था, ओआरएस कॉर्नर, वेटिंग एरिया में शेड व्यवस्था तथा संस्थानों में साफ-सफाई आदि की सुनिश्चितता करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अस्थमा मरीजों की संख्या में उछाल, विशेषज्ञों ने दिए बचाव के उपाय

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अस्थमा अब केवल सांस लेने की अस्थायी समस्या नहीं रह गया है बल्कि यह भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जो लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण, पर्यावरणीय कारणों और जीवनशैली में बदलाव के चलते अस्थमा के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में अस्थमा के मरीजों की संख्या लगभग 3 से 4 करोड़ के बीच अनुमानित है, जो वैश्विक अस्थमा रोग भार का एक बड़ा हिस्सा है। हालांकि बड़ी संख्या में मामले समय पर पहचान में नहीं आ पाते, जिसके कारण मरीज गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंचते हैं। यह जानकारी फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अंकित बंसल तथा पल्मोनोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ विनोद शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अस्थमा लाइलाज है लेकिन सही उपचार, जागरूकता और जीवनशैली में बदलाव के जरिए इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉक्टरों ने बताया कि अस्थमा के बढ़ते मामलों के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं, जिनमें प्रमुख रूप से वायु प्रदूषण और वाहन धुएं का संपर्क, धूल एवं परागकण, घरेलू एलर्जन जैसे डस्ट माइट्स और पालतू पशुओं के रोएं, धूम्रपान तथा पैसिव स्मोकिंग, परिवार में अस्थमा का इतिहास, बचपन में फेफड़ों के संक्रमण तथा रसायनों के संपर्क वाले कार्यस्थल शामिल हैं। अस्थमा के लक्षण व्यक्ति-विशेष के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं और रात के समय या शारीरिक गतिविधि के दौरान बढ़ सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट, लगातार खांसी (विशेषकर रात या सुबह के समय) तथा सीने में जकड़न शामिल हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि अक्सर इन लक्षणों को सामान्य एलर्जी समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे इलाज में देरी होती है। अस्थमा का निदान मरीज के इतिहास और लक्षणों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता जांचने के लिए स्पाइरोमेट्री टेस्ट प्रमुख है जबकि कुछ मामलों में पीक फ्लो टेस्ट और एलर्जी परीक्षण भी किए जाते हैं ताकि रोग के ट्रिगर्स की पहचान हो सके। विशेषज्ञों के अनुसार अस्थमा की पूरी तरह रोकथाम संभव नहीं है लेकिन इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए प्रदूषण से बचाव, मास्क का उपयोग, घर की साफ-सफाई, धूम्रपान से दूरी, ट्रिगर्स की पहचान, डॉक्टर द्वारा निर्धारित इनहेलर का नियमित उपयोग तथा घर में उचित वेंटिलेशन बनाए रखना आवश्यक है। डॉक्टरों ने कहा कि अस्थमा को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है लेकिन समय पर उपचार और नियमित देखभाल से मरीज सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकता है।

## निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर कल शिक्षा संकुल पर जुटेंगे अभिभावक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर प्रदेशभर में असंतोष गहराता जा रहा है। ऑनलाइन लॉटरी जारी होने के 50 दिन बाद भी करीब 1.90 लाख बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पाने पर संयुक्त अभिभावक संघ ने इसे सरकार और शिक्षा विभाग की गंभीर विफलता बताते हुए सात मई को जयपुर स्थित शिक्षा संकुल, जेएलएन मार्ग के मुख्य द्वार पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। संघ के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि इस वर्ष आरटीई के तहत 6 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से करीब 2.40 लाख बच्चों का चयन 12 मार्च को लॉटरी के माध्यम से किया गया। इसके बावजूद अब तक बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 50 दिनों में हजारों अभिभावक शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर तक लगातार संपर्क कर चुके हैं लेकिन न तो कोई ठोस समाधान मिला और न ही संतोषजनक जवाब। कई निजी स्कूल संचालक चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश देने से इनकार कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों में रोष है। अभिभावकों का कहना है कि एक ओर स्कूल प्रबंधन फीस पुनर्भरण नहीं मिलने का हवाला दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शिकायत करने पर अभिभावकों को धमकाने तक की शिकायतें सामने आई हैं। संघ ने इसे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 50 दिनों तक बच्चों को प्रवेश नहीं मिलना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीई जैसे महत्वपूर्ण कानून को केवल कागजों तक सीमित कर दिया गया है, जिससे लाखों बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि 7 मई को आयोजित होने वाला यह एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन है, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी शामिल होंगे। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज करते हुए धरना और आमरण अनशन जैसे कदम उठाए जाएंगे।

## सम्पादकीय

# अपेक्षित और अप्रत्याशित

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से जहां असम, केरलम और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के परिणाम अपेक्षा के अनुरूप सिद्ध हुए, वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजे अप्रत्याशित रहे। बंगाल और तमिलनाडु के नतीजों ने इसलिए चौंकाया, क्योंकि जहां बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सत्ता विरोधी माहौल का सामना करने के बाद भी इसकी आशा शायद ही किसी को रही हो कि उसके लिए सौ सीटों तक पहुंचना भी कठिन हो जाएगा और भाजपा दौ सौ सीटों के निकट पहुंच जाएगी, वहीं तमिलनाडु में नए बने दल टीवीके के बारे में कम ही लोगों ने कमजोर सा अनुमान लगाया था कि वह सत्ता के निकट पहुंच जाएगी।

बंगाल में ममता बनर्जी और तमिलनाडु में स्टालिन की पराजय यह बताती है कि जो क्षेत्रीय नेता अपनी सत्ता को खुद की निजी जागीर में बदल लेते हैं, उन्हें जनता अधिक समय तक सहन नहीं करती। तमिलनाडु में टीवीके के जोसेफ विजय ने वह कर दिखाया, जो एक समय आंध्र में एनटी रामाराव और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने किया था-पहली बार में ही बंपर जीत।

विजय की जीत का महत्व इसलिए भी है कि उन्होंने छह दशक बाद द्रविड़ दलों को तमिलनाडु की सत्ता से बाहर कर दिया। बंगाल में भी भाजपा ने कांग्रेस, वाम दलों के लंबे शासन के बाद 15 वर्षों तक शासन करने वाली तृणमूल कांग्रेस को बाहर का दरवाजा दिखा दिया। बंगाल में प्रचंड जीत के साथ ही भाजपा ने पूर्वोत्तर के साथ पूर्वी भारत पर बढ़त हासिल कर ली। बंगाल में जो राजनीतिक लड़ाई कांटे की मानी जा रही थी, उसमें भाजपा की इतनी बड़ी जीत यह बताती है कि ममता का शासन कुशासन का पर्याय बन गया था और मुस्लिम तुष्टीकरण की उनकी राजनीति एवं बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ की गंभीर समस्या की अनदेखी ने बहुसंख्यक समुदाय को भाजपा के पक्ष में एकजुट करने का काम किया। भाजपा के पूर्व संस्करण जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भाजपा की जीत ने यह भी रेखांकित किया कि उसके विस्तार और बढ़ते प्रभाव का सिलसिला तेज होने वाला है। इस जीत ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह के कद को और अधिक बढ़ाने का काम किया है।

2026 की भाजपा वह नहीं, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद निस्तेज दिखने लगी थी और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल यह प्रतीति कराने लगे कि अब उनका नंबर आएगा। निःसंदेह अब बंगाल में भी डबल इंजन सरकार होगी, लेकिन इसके साथ ही भाजपा के सामने यह चुनौती भी आ खड़ी हुई है कि वह राज्य की जनता से किए गए अपने वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे और इस राज्य को राजनीतिक हिंसा एवं घुसपैठियों से मुक्त करने के साथ फिर से पटरी पर लाए।

पांच राज्यों के चुनाव नतीजे इसलिए भाजपा का अतिरिक्त उत्साहवर्धन करने वाले हैं, क्योंकि उसने असम में तीसरी बार कहीं बड़े अंतर से जीत हासिल की। इसके साथ ही केरलम और तमिलनाडु में भी अपने लिए कुछ जगह बनाई। पुडुचेरी में उसके समर्थन वाली सरकार का फिर से बनना भी कम महत्वपूर्ण नहीं, क्योंकि वह असम के साथ यहां भी सत्ता विरोधी माहौल को दरकिनार करने में सफल रही।

## विशेष आलेख

# क्या कहते हैं विधानसभा चुनावों के नतीजे



बीते अप्रैल में हुए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों को देखने के कई नजरिए हो सकते हैं। लेकिन देश के पूर्वी छोर पर उत्तर से लेकर दक्षिण तक स्थित चार राज्यों के नतीजों को देखें तो उनमें एक बात समान नजर आती है। सभी राज्यों ने अपने यहां के उन आक्रामक नेतृत्व पर भरोसा जताया है, जिनसे विकास और नवाचार की उम्मीद है। असम में हिमंत, पश्चिम बंगाल में बीजेपी और तमिलनाडु में विजयन की जीत लोकांक्षाओं के जमीनी हकीकत बनने का भरोसा है। इन राज्यों की जीत में दिखता है कि केंद्र से बिना वजह की लड़ाई का भी कोई मोल नहीं है। आज की जनता विकास चाहती है, महिलाएं सुरक्षा चाहती हैं और युवा अपने भविष्य और सपनों की गारंटी चाहते हैं।

इस बार चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सबसे ज्यादा में चर्चा पश्चिम बंगाल का चुनाव रहा। उन्तीस अप्रैल को आखिरी दौर के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजों को लेकर काफी सवाल भी उठे, खासकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार की आशंका को लेकर एक्जिट पोल निशाने पर भी रहे। सिर्फ एक एक्जिट पोल एक्सिस माई इंडिया ने तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजयन की पार्टी टीवीके के जीत की संभावना जताई थी। जबकि किसी भी एक्जिट पोल को तमिलनाडु में टीवीके की जीत की उम्मीद नहीं थी।

सवाल यह है कि आखिर ममता बनर्जी को क्यों हार मिली? इसमें दो राय नहीं कि 2011 से पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल था। फिर भी बौद्धिकों के एक वर्ग को लगता नहीं था कि भारतीय जनता पार्टी पिछले विधानसभा चुनावों के वोट के अंतर को पाटकर जीत दर्ज कर लेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को पश्चिम बंगाल में 38 प्रतिशत वोट और 77 सीटें मिली थीं। 2016 के विधानसभा चुनाव में तो बीजेपी को 10 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट मिले थे, लेकिन उसे सिर्फ तीन सीटें ही मिली थीं। उसकी तुलना में देखें तो बीजेपी के लिए 2021 के चुनावी नतीजे बड़ी छलांग थे। इस ट्रेंड के हिसाब से इस बार बीजेपी की जीत सुनिश्चित लग रही थी, हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी को अपने पिछले प्रदर्शन से छह सीटें कम पर संतोष करना पड़ा था। इसलिए बीजेपी की जीत को लेकर संशय भी था। लेकिन जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में जीत हासिल करने के लिए चुनावी रणनीति बनाई, खुद कई रोड शो किए, झारग्राम जिले में सड़क पर उतर कर बंगाल की प्रसिद्ध झालमुढ़ी का स्वाद चखा, उसने भाजपा की संभावनाओं के द्वार खोल दिए। रही-सही कसर ममता बनर्जी की कुछ गलतियों ने कर दिए। बीते साल अगस्त में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या पर ममता ने जिस तरह की चलताऊ राजनीति की, उससे पश्चिम बंगाल गुस्से में था। इसका असर भी दिखा और महिलाओं ने उनकी लक्ष्मी भंडार योजना में मिल रही डेढ़ हजार रूपए की रकम पर भरोसा नहीं किया और ममता को हार का सामना करना पड़ा। ममता ने भाजपा से लोगों को डराते हुए कहा कि अगर राज्य में उसकी सरकार आ गई तो वह माछ-भात खाने पर रोक लगा देगी। ममता की खासियत उनकी आक्रामक राजनीतिक शैली रही है। लेकिन इस बार उनकी वह आक्रामकता ठोस मुद्दों की बजाय हल्की बातों में ज्यादा नजर आई। इसलिए उनके खिलाफ भाजपा का भय बनाम भरोसा का नारा चल गया। भारतीय जनता पार्टी की जीत में उसके रणनीतिकार अमित शाह की बड़ी भूमिका रही। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे चुनाव अभियान में घुसपैठ को मुद्दा बनाए रखा। ममता बनर्जी घुसपैठ को चलताऊ और हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई बढ़ाने की राजनीति के मुद्दे के तौर पर लेती रहीं। भारतीय जनता पार्टी अब संतोष कर सकती है कि उसके पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रस्दा मुखर्जी के घर में भी उसका शासन है। असम के लिए घुसपैठ का मुद्दा पुराना है। हिमंत विस्वसरमा ने इस मुद्दे को खूब हवा दी। उन्होंने बार-बार कहा कि वे सत्ता में लौटे तो किसी भी घुसपैठिए को असम में नहीं रहने देंगे। असम की जनसांख्यिकी को घुसपैठ ने बहुत प्रभावित किया है। इससे असम के लोग बहुत प्रभावित हैं। अतीत में कांग्रेस की सरकारों ने इसकी तरफ या तो आंख मूंदे रखा या फिर घुसपैठियों को अपने वोट बैंक के रूप में स्थापित करने की कोशिश की। इससे असम का बहुसंख्यक वर्ग नाराज हुआ। वैसे हिमंत भी पुराने कांग्रेसी हैं। उन्हें कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियां भी पता हैं। फिर अपने पांच साल के कार्यकाल में उन्होंने विकास को गति भी दी है। इसकी वजह से असम के लोगों ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है।

तीसरे बड़े राज्य तमिलनाडु में पिछले यानी 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने भले ही गठबंधन में चुनाव लड़ा था, लेकिन पच्चीस साल बाद वह अकेले दम पर 133 सीटों के साथ बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रही। लेकिन पूरे पांच साल के शासन काल में स्टालिन की सरकार की उपलब्धि खोजेंगे तो पाएंगे कि वह पूरे कार्यकाल में सनातन पर हमले करती रही। उसके निशाने पर नरेंद्र मोदी की सरकार रही। हिंदी को मुद्दे पर भी वह तमिलनाडु के लोगों की गोलबंदी करती रही। उसने नई शिक्षा नीति को तमिल अस्मिता के लिए खतरा बताया। प्रस्तावित लोकसभा सीटों के परिसीमन को भी मुद्दा बनाया। उसके बरक्स अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजयन की पार्टी टीवीके ने लोगों के बीच पैठ बनाई। लोगों की भलाई के लिए काम किए। ठीक है कि विजयन का क्रेज युवाओं में ज्यादा है। लेकिन लोकभलाई के लिए किए गए कार्यों की वजह से वे तमिलनाडु के वरिष्ठ नागरिकों के भी चहेते बने। यही वजह है कि उनका दल राज्य में सबसे बड़ा दल बनकर उभरा है। सत्ताधारी डीएमके दूसरे स्थान पर पिछड़ गया है। 1977 से तमिलनाडु की राजनीति दो राजनीतिक दलों डीएमके और एआईडीएमके के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गई विजयन ने इस परिपाटी को तोड़ दिया है। तमिलनाडु में अभिनेताओं का क्रेज नई बात नहीं है। इसके पहले तमिल फिल्मों के सुपर स्टार एमजी रामचंद्रन की नवेली पार्टी एआईडीएमके को 1977 में बड़ी जीत मिली थी। देखना होगा कि वे किसका साथ लेकर नई सरकार बनाते हैं।

देश ही नहीं, दुनिया की सबसे पहली चुनी हुई वामपंथी सरकार देने वाले केरल राज्य में वामपंथी मोर्चा इस बार चुनाव हार गया है। दस साल बाद उसे करारी हार मिली है। इसके साथ ही राज्य में कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी यूडीएफ की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। लगातार चुनाव हार रही कांग्रेस के लिए यह नतीजा राहत का सबब हो सकता है। लेकिन केरल में इस बार बीजेपी ज्यादा सीटें हासिल करने में भले ही कामयाब नहीं हुई हो, लेकिन वह अपनी वोट हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रही है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि वह राज्य मे तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है। बेशक राज्य में अब पांच साल बाद चुनाव होंगे, लेकिन इस बीच बीजेपी यहां की राजनीति में गहरी सेंध लगाने की कोशिश में जुटी रहेगी। केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी को डीएमके ज्यादातर कांग्रेस को एक तरह से परोसता रहा है। लेकिन उसी कांग्रेस से विद्रोह करके निकली एनआईआरसी के साथ बीजेपी का गठबंधन सरकार बनाता नजर आ रहा है। पांच राज्यों के इन चुनावों ने जहां कांग्रेस और वामपंथ को सोचने का मौका दिया है कि आखिर उन्होंने गलती कहां की तो बीजेपी के लिए परीक्षा का सबब बनकर उभरा है। पश्चिम बंगाल में हिंसा का इतिहास रहा है। वहां के राजनीतिक कार्यकर्ता बदले दौर में बदले दौर की सत्ताओं के साथ चिपकते रहे हैं। बीजेपी की चुनौती होगी कि पहले वाममोर्चा के लठैत और फिर तृणमूल के साथी रहे आपराधिक तत्वों को वह कैसे काबू में करती है। ये चुनाव आने वाले दिनों में भाजपा के उत्साह को बढ़ाने का भी काम करेंगे। इन चुनावों ने तमिलनाडु में विजयन के सामने भी चुनौती रखी है, चुनौती यह कि युवाओं के सपनों को वे कैसे पूरा करते हैं? क्योंकि सबसे ज्यादा भरोसा उन पर युवाओं ने ही जताया है।

## स्वास्थ्य समाचार

# प्लम ऑयल के इस्तेमाल से स्किन को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे



विंटर में जब स्किन केयर की बात होती है तो ऑयल का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, ठंड में स्किन बहुत अधिक रूखी हो जाती है और ऐसे में उसे अतिरिक्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। अमूमन हम सभी विंटर में कई तरह के ऑयल्स को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं। लेकिन ऐसे बहुत कम लोग हैं, जो प्लम ऑयल को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हों। दरअसल, प्लम ऑयल में फैटी एसिड, पॉलीफेनॉल, विटामिन बी और अन्य कई पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं। जब प्लम ऑयल को स्किन पर इस्तेमाल किया जाता है तो यह आपकी स्किन की रेडिएंस को बढ़ाता है और लाइट वेट होने के कारण इससे आपकी स्किन पर चिपचिपेपन का अहसास नहीं होता है।

### मिलता है सन प्रोटेक्शन

प्लम ऑयल को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने का एक लाभ यह भी है कि यह काफी हद तक आपकी स्किन को हानिकारक यूवी किरणों से से प्रोटेक्शन प्रदान करता है। ऐसा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण होता है। हालांकि, यहां आपको यह भी समझना चाहिए कि प्लम ऑयल सनस्क्रीन का विकल्प नहीं है, इसलिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।

### स्किन होती है हाइड्रेट

विंटर में स्किन को अतिरिक्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। ऐसे में प्लम ऑयल का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। दरअसल, प्लम ऑयल ओमेगा -3 फैटी एसिड, विटामिन ए और ई से भरपूर होता है। ऐसे में जब इसे अपनी स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो इससे स्किन को डीप हाइड्रेशन मिलता है। इससे आपकी स्किन अधिक स्मूथ और ब्यूटीफुल नजर आती है।

### एंटी-एजिंग इफेक्ट

अगर आप अपनी स्किन को लंबे समय तक यूं ही जवां बनाए रखना चाहती हैं तो उसमें भी प्लम ऑयल आपकी काफी मदद कर सकता है। दरअसल, इसमें विटामिन के साथ-साथ एंटी-ऑक्सिडेंट भी पाए जाते हैं। ऐसे में जब इस स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो इससे फाइन लाइन्स और रिंकल्स की अपीयरेंस को कम करने में मदद मिलती है। जिससे आपकी स्किन अधिक यंगर नजर आती है।

### नहीं होता चिपचिपापन



अधिकतर ऑयल्स को इसलिए स्किन केयर रूटीन में शामिल नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे स्किन में हैवीनेस और चिपचिपापन महसूस होता है। लेकिन प्लम ऑयल वास्तव में काफी लाइटवेट होता है और स्किन में आसानी से अब्जॉर्ब हो जाता है। जिसके कारण इसे स्किन पर बिना किसी परेशानी के लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, प्लम ऑयल रूखी से लेकर ऑयली यहां तक कि कॉम्बिनेशन स्किन के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।

### कोलेजन होता है बूस्ट

प्लम ऑयल को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से कोलेजन बूस्ट करने में भी काफी मदद मिलती है। दरअसल, प्लम में विटामिन-सी पाया जाता है, जो कोलेजन बूस्टअप में मददगार साबित हो सकता है। जब कोलेजन बूस्ट होता है तो इससे स्किन इलास्टिसिटी और फर्मनेस को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

# शरीर में हाई यूरिक एसिड होने पर पेशाब के समय दिखते हैं ऐसे लक्षण, इन उपायों से निकल जाएगी सारी गंदगी

यूरिक एसिड शरीर में बनने वाला एक अपशिष्ट पदार्थ है। कुछ खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले प्यूरीन तत्व के टूटने से यूरिक एसिड बनता है। आमतौर पर यह रक्त में घुल जाता है। वहीं पेशाब के जरिए यह शरीर से बाहर निकल जाता है। लेकिन जब शरीर से यूरिक एसिड बाहर नहीं निकल पाता है, तो यह किडनियों या जोड़ों में जमा हो जाता है। वहीं शरीर में यूरिक एसिड जमा होने से गाउट या किडनी में पथरी की समस्या हो जाती है। हांलाकि यूरिक एसिड के इलाज के लिए सबसे पहले इसके लक्षणों का सही समय पर पता लगाना बेहद जरूरी होता है। आपको पेशाब में बढ़े हुए यूरिक एसिड के लक्षण नजर आ सकते हैं।

### क्लाउडी यूरिन या झागदार पेशाब होना


पेशाब के झागदार होना इस बात का संकेत है कि यूरिक एसिड ने छोटी पथरी का रूप ले लिया। लेकिन अगर इसके साथ आपको डिहाइड्रेशन की समस्या भी है, तो आपको अधिक सतर्क होने की जरूरत है।

### किडनी में पथरी

अगर पेशाब के साथ यूरिक एसिड नहीं निकल पाता है, तो यह क्रिस्टल का रूप ले लेता है। जिसके बाद यह किडनी में पथरी का रूप ले लेता है। किडनी में पथरी होने की वजह से पेशाब में रक्त, पेशाब पथ में बार-बार संक्रमण का होना और गंभीर दर्द के लक्षण नजर आते हैं।

### गहरे रंग की पेशाब होना

गहरे या लाल रंग की पेशाब होना इस बात की तरफ संकेत करता है कि आपकी किडनी में सब ठीक नहीं है। यह इस ओर संकेत देता है कि किडनी में यूरिक एसिड जमा होने से पथरी बन रही है। या फिर पेशाब संबंधी समस्याओं का एक संभावित लक्षण हो सकता है।



### बार-बार पेशाब आना, दर्द या बेचैनी होना

कुछ लोगों को पेशाब के दौरान असुविधा या दर्द का अनुभव हो सकता है। खासकर गुर्दे में पथरी या मूत्र संबंधी रुकावट आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसे में बार-बार पेशाब की इच्छा होना, दर्द या परेशानी होना यूरिक एसिड से संबंधित एक लक्षण हो सकता है।

### यूरिक एसिड के लक्षण

अगर आपको ऊपर बताए गए पेशाब से जुड़े लक्षण महसूस होते हैं। तो आपको फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि डॉक्टर आपको यूरिक एसिड लेवल की जांच के लिए टेस्ट की सलाह दे सकते हैं।

### ऐसे कम करें यूरिक एसिड

- पूरे दिन में कम से कम 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए।
- पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन से ब्लड में यूरिक एसिड पतला होता है।
- इसके साथ ही हाई उच्च प्यूरीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करना चाहिए। हाई उच्च प्यूरीन वाले खाद्य पदार्थों में रेड मीट, समुद्री भोजन (विशेष रूप से शेलफिश), ऑर्गन मीट और कुछ सब्जियां शामिल हैं।
- यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में कम वसा वाले डेयरी उत्पाद जैसे दूध और दही मददगार होते हैं।
- शराब, विशेष रूप से बीयर और स्प्रिट आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।
- यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए चेरी या चेरी का जूस का सेवन करना चाहिए।
- यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में साबुत अनाज, फल और सब्जियों आदि का सेवन करना चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक योजनाओं को ठीक तरह से पूरा कर सकेंगे।

### वृष
आज शारीरिक ताजगी का आप में अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है। संतान के विषय में चिंता सताएगी। दोपहर के बाद भी स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।

### मिथुन
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। विरोधियों को पराजित कर पाएंगे।

### कर्क
भाग्य का सहकार कम ही मिलेगा। अधिकारी से विवाद ना करें। संतान के विषय में चिंता रहेगी आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### सिंह
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्य जीवन में सुख और आनंद मिलेगा। दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है।

### कन्या
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। सहकर्मियों का सहयोग मिलने के बाद आनंद दोगुना हो जाएगा।

### तुला
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई मुश्किल हो सकती है।

### वृश्चिक
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बौद्धिक चर्चा में अपने टेलेंट को बता पाएंगे।

### धनु
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े कामकाज में सावधानी बरतें।

### मकर
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख शांति रहेगी। पिता से किसी तरह का आर्थिक लाभ मिल सकता है। सामाजिक जीवन में भी आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मन दुख होने से घर का वातावरण दूषित होगा। धन का खर्च अधिक होगा।

### मीन
आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी। आपका मन किसी एक निश्चित निर्णय लेने की स्थिति नहीं रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

# विपक्ष अपनी हार को स्वीकार करने की बजाय जनादेश का कर रहा है अपमान : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर उठाए गए सवालों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राठौड़ ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व में अपनी पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए जाना जाता है और इस पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास है। राठौड़ ने कहा कि देश में चुनाव पूरी तरह व्यवस्थित, निष्पक्ष और संवैधानिक ढांचे के तहत संपन्न होते हैं। भाजपा ने हमेशा सेवा, समर्पण और संघर्ष के बल पर जनता का विश्वास अर्जित किया है और हर परिस्थिति में जनादेश का सम्मान किया है। इसके विपरीत, कुछ विपक्षी दल अपनी हार को स्वीकार करने के बजाय जनादेश पर ही प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतंत्र के प्रति अनादर को दर्शाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का भी उल्लेख करते हुए कहा कि हमें बदले की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति करनी चाहिए। राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कार्यकाल में राजनीतिक हिंसा की घटनाएं सामने आई, भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया गया, उनके घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुईं। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति लंबे समय तक चिंता का विषय रही। आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा में कमी दिखाई दी और कई स्थानों पर हिंसा एवं उत्पीड़न की घटनाएं तक सामने आ रही थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जिम्मेदार राष्ट्रनेता के रूप में सभी पक्षों से बदले की भावना से काम नहीं करने की अपील की और प्रदेश की जनता के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। यह एक राष्ट्रनेता, जननेता ही कर सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की दोहरी नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जहां उन्हें केरल और तमिलनाडु में मिली जीत पर गर्व है, वहीं पश्चिम बंगाल में हार के बाद वे निर्वाचन आयोग पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चयनात्मक दृष्टिकोण दर्शाता है कि विपक्ष अपनी सुविधा के अनुसार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा करता है या उन्हें कठघरे में खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था है, जिसकी निष्पक्षता पर संदेह करना उचित नहीं है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करें, जनादेश को स्वीकार करें और देश एवं राज्य के विकास के लिए सकारात्मक राजनीति करें।

## प्रतिभाओं का सम्मान कल

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** स्वर्णकार जनसेवा संस्थान, राजलदेसर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 7 मई को तेरापंथ युवक परिषद महिला मंडल में आयोजित होगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कुल 102 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें मंच पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश विनोद सोनी, सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग गौरव सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रधान संस्थापक हंसराज कंडेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वर्णकार जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोड़ा करेंगे। संस्थान द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सभी चयनित विद्यार्थियों को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्रेषित की जा चुकी है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों, ज्वैलर्स एवं सोनी समाज के प्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी को देखते हुए पं गणेश नारायण गौशाला में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि वे प्यास से परेशान न हों। गौशाला से जुड़े सेवाभावी लोगों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए और नियमित रूप से इनमें पानी भरने का संकल्प भी लिया। इस दौरान विजयपाल सिंह शेखावत व उपस्थित लोगों ने कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में गोभक्तों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस प्रकार की सेवा गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस पहल से न केवल पक्षियों को राहत मिलेगी बल्कि समाज में जीवों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी प्रसार होगा। इस मौके पर महावीर प्रसाद स्वामी, रवि शर्मा, दिलीप बुगालिया, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़सर छोटा बाल अधिकार एवं बालपन के कानूनी संरक्षण के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने बाल अधिकारों की जानकारी बच्चों को उनके मोलिक अधिकारों जैसे शिक्षा स्वास्थ्य विकास और संरक्षण के अधिकारों के बारे में बताया। कानूनी प्रावधान बाल श्रम बाल विवाह और किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध बने कानून की सरल भाषा में जानकारी दी गई ताकि बच्चे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहे उन्हें चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 बच्चों को विशेष रूप से नंबर 108 के बारे में बताया गया उन्हें समझाया गया। साथ ही नि:शुल्क विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने नि:शुल्क कानूनी सहायता के कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को शपथ दिलवाई बच्चों को निडर बने अपने अधिकारों की रक्षा और किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाने के लिए बहादुरी की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थी और सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## ग्राम रथ बना योजनाओं का सेतु



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान ग्राम पंचायत हड़ियाल में जागरूकता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा। ग्राम रथ के जरिए विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी गांव के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है। नाट्य प्रस्तुतियों, गीतों और संवादों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिससे आमजन में इन योजनाओं के प्रति रुचि और समझ बढ़ी। ग्राम पंचायत हड़ियाल पहुंचने पर ग्राम रथ का ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रशासक राकेश शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पैरा ओलंपिक खिलाड़ी देवेन्द्र झाझड़िया रहे, जिनका ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झाझड़िया ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सच्चा विकास है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा, खेल और जागरूकता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्रशासक राकेश शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सरल और पारदर्शी बनाते हुए डीबीटी के माध्यम से पात्र लोगों के खातों में सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है और जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल रही है। ग्रामीणों ने ग्राम रथ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से उन्हें योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है, जिससे पात्र परिवारों को लाभ लेने में आसानी होगी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी टीकूराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी रामगोपाल शर्मा, कनिष्ठ सहायक मुकेश नायक, दिनेश शर्मा सहित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनुप खंडेलवाल, वार्ड पंच सविता, राजू सहारण, बाबूलाल, मुकेश कुमार, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बीडीके अस्पताल में 11 जम्बो कुलर एवं 70 पंखे भामाशाहर गाडिया की ओर से भेंट

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के सबसे बड़े राजकीय भगवानदास खेतान अस्पताल झुंझुनू में भीषण गर्मी के मद्देनजर सामाजिक सरोकार एवं चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आमजन के सेवार्थ हेतू भामाशाह आगे आ रहे हैं। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि बीडीके अस्पताल के आरंभ होने से लेकर ही भामाशाहो का सदैव योगदान रहा है। अस्पताल में भामाशाहों द्वारा पार्कों को गोद लेकर विकसित करना, आमजन के लिए वाटर कूलर का दान देना जैसे कार्य निरंतर किए जाते रहे हैं। अप्रैल माह में भीषण गर्मी के मद्देनजर गोपीचंद गाडिया द्वारा पुनीत कृष्ण गाडिया मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से लाखों की लागत से 11 जम्बो कूलर एवं 70 पंखे 5 वर्ष की वारंटी सहित रोगियों हेतू प्रदान किए गये है। तथा 9 अतिरिक्त जम्बो कूलर आगामी दिनों में प्रदान करने की इच्छा जताई है। पीएमओ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि व्हील चेयर, रोगी ट्रॉली, कूलर, पंखे, एसी दान करने से संबंधित भामाशाहों द्वारा निरंतर प्रस्ताव आ रहे हैं । जो कि बीडीके अस्पताल, झुंझुनूके प्रति भामाशाहों का विश्वास एवं लगाव का परिचायक है। जंबो कूलर प्राप्त होते ही विभिन्न वार्डों के लिए आवंटित कर दिये गये है। उक्त कूलर सामान्यत बड़े क्षेत्रफल के बड़ी संख्या में आमजन के लिए लगायें जाते हैं।

जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिल सके। अस्पताल में लू-तापघात वार्ड अलग से संचालित है जो पूर्णतया वातानूकूलित है। विगत दिनों जिला कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग की प्रेरणा से लायंस क्लब एवं श्याम आशीर्वाद सेवा समिति द्वारा वाटर कूलर दान किया गया था। इस दौरान पीएमओ डॉ जितेंद्र भाम्बू, कपिल गाडिया, आरएमओ डा सिद्धार्थ शर्मा, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ सुशीलसैनी, डा अरविंद जाखड़, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं राष्ट्रीय एसेसर डॉ नावेद अख्तर, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जांगीड़, प्यारेलाल, गंगाधर, सरिता, कविता, विजय उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेताओं का धरना दूसरे दिन भी जारी




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ नगरपरिषद कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं का धरना लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रह। नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी और कवि पं. गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाने, सफाई व्यवस्था में ट्रैक्टर्स के टेंडर समय पर कर जनता को राहत पहुंचाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर अजय ढ़ेनवाल, साबिर अली चैहान, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट गंगाधर मूंड, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, जगदेव बेड़ा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, मुकेश गोयल, बंटी लाखन सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती, तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं मांगो के समर्थन में एडीएम कार्यालय पर ज्ञापन भी सौंपा गया।

## मंत्री ने किया किसान पृथ्वीसिंह को सम्मानित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के किसान पृथ्वी सिंह शेखावत ने उद्यानिकी- डिजिटल खेती में चूरू जले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पृथ्वीसिंह शेखावत को ग्राम रथ यात्रा के दौरान गांव सहनाली छोटी में मंत्री अविनाश गहलोत ने सम्मानित किया। मंत्री गहलोत ने 25 हजार व प्रशस्ति पत्र शेखावत को प्रदान किया। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा आदि मौजूद रहे। पृथ्वीसिंह ने बताया कि खेती में राज्य सरकार किसानों को खूब सहायता कर रही है।

## खाटूधाम में पॉलीथिन व कांच की इत्र शीशियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार खाटूश्यामजी में स्वच्छता एवं सुरक्षा को लेकर नगर पालिका प्रशासन खाटूश्यामजी द्वारा पॉलीथिन और कांच की इत्र की शीशियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान नगर पालिका ईओ ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में तथा स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया के निर्देशन में संचालित हुआ। अभियान के तहत अलग-अलग पांच टीमों ने एक साथ सम्पूर्ण खाटू धाम में कार्रवाई की गई। टीम प्रभारी वीरेंद्र सिंह चंदेलिया, पिंकी बगड़िया, गीता बगड़िया, सुरेन्द्र कुड़ी एवं रविन्द्र के नेतृत्व में गठित टीमों ने नगर पालिका कार्यालय से लेकर मुख्य दर्शन मार्ग तक सघन जांच की। कार्रवाई के दौरान दुकानों से पॉलीथिन थैलियां एवं कांच की इत्र की शीशियां जब्त कर चालान काटे गए। दुकानदारों को कपड़े के थैलों के उपयोग, डस्टबिन रखने एवं प्लास्टिक की इत्र की शीशी प्रयोग करने के लिए समझाईश की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान काटे गए। नगर पालिका प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं मंदिर क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियानों को आगे भी जारी रखने की बात कही।




## प्रिंस स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं साइंस टेस्ट सीरीज तथा सीयूईटी क्रेश कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, प्रिंसिपल विकास केडिया, सीमा राजपुरोहित व फैकल्टी मेंबर्स ने 81 टॉप रैंकर्स को मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। सेमिनार में डॉ पीयूष सुण्डा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर एकेडमिक्स के लिए रेगुलर सेल्फ स्टडी, हार्डवर्क एंड डिटरमिनेशन जरूरी है।

कार्यक्रम में प्रिंस स्कूल के समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरदारशहर के वकीलों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी कार्यालय में सौंपकर उपखण्ड अधिकारी सरदारशहर के रीडर द्वारा अभिभाषक संघ के अधिवक्तागण के खिलाफ लगातार अभद्र भाषा, अभद्र व्यवहार, खुलेआम रिश्वत की मांग और अधिवक्ता की बिना जानकारी के फाइलों में फेर बदल करने के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि उपखण्ड अधिकारी सरदारशहर और जिला कलेक्टर चूरू को ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं और रीडर के इस व्यवहार के विरोध में 23 फरवरी से लगातार उपखण्ड न्यायालय का बहिष्कार व 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना सरदारशहर में चल रहा है। इसलिए इस मामले में रीडर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अति शीघ्र की जाए। अन्यथा अभिभाषक संघ सुजानगढ़ को भी अभिभाषक संघ सरदारशहर के समर्थन में आन्दोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपते वक्त अध्यक्ष सूरजमल यादव, एडवोकेट निरंजन सोनी, करणीदान चारण, रजनीकांत सोनी, सलीम खान गाजी, प्रदीप कठातला, हनुमान प्रजापत, पवन सोनी, धाराचंद स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## हत्या का आरोपी पति डिटेन, विधायक की समझाइश से ग्रामीणों ने हटाया धरना

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के बेड़ गांव में शनिवार को हुई संजु देवी की हत्या प्रकरण में मुख्य आरोपी पति की गिरफ्तारी के बाद पिछले तीन दिनों से चल रहा ग्रामीणों का धरना मंगलवार को समाप्त हो गया है। निम्बी जोधा थाना क्षेत्र के बेड़ गांव में प्रेमाराम ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी इस मामले से आक्रोशित ग्रामीण और परिजन मोर्चरी के बाहर धरना देकर बैठ गए। मंगलवार को विधायक मुकेश भाकर धरना स्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से मामले की पूरी जानकारी ली। भाकर ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में जितने धरने लगे है पिछले दस सालों में नहीं लगे। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और आमजन में भय का माहौल बनता जा रहा है। आमजन का खाकी से भरोसा उठने लगा है। लाडनूं सीओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी प्रेमाराम को दिल्ली एयरपोर्ट से डिटेन किया गया है वह घटना के बाद टिकिट बनाकर विदेश भागने की फिराक में था। पुलिस टीम ने डिटेन कर लिया। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए सहमत हो गए। पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव परिजनों के सुपुर्द किया गया और धरना समाप्त कर दिया है। इस दौरान लाडनूं तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे, सीआई शिंभु दयाल, निम्बी सीआई सिद्धार्थ प्रजापत एवं पुलिस टीम मौजूद रही।

## पूर्व सांसद अहलावत ने चार धाम बालाजी मंदिर पर चढ़ाया निशान

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने पुराना बस स्टैंड स्थित चारधाम बालाजी मंदिर पर बजरंग बली का निशान अर्पित कर क्षेत्र में अमन, शांति व खुशहाली की मन्नत मांगी। मंगलवार को पूर्व सांसद अहलावत अपने समर्थकों के साथ टैगोर स्कूल स्थित बालाजी मंदिर से पदयात्रा शुरू की। यात्रा में सांसद अहलावत ने खुद निशान उठाया और चारधाम बालाजी मंदिर तक पैदल पहुंचकर निशान मंदिर के शिखर बंद पर अर्पित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, वर्षा सोमरा, शर्मिला डैला, संतोष कुमावत, संतोष सिवानीवाल सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।




# जुलाई से पहले घूम लें बच्चों के साथ यह नेशनल पार्क

## मानसून सीजन में शायद ही हो पाए इनका दीदार

हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम आता है, भारत के ज्यादातर राष्ट्रीय उद्यान चार से पांच महीने के लिए बंद हो जाते हैं। वैसे कारण एक जगह से दूसरी जगह अलग हो सकता है, जैसे देश के उत्तर पूर्वी हिस्से में सबसे ज्यादा बारिश होती है और हर साल पार्कों में पानी भर जाता है। देश के अन्य हिस्सों में, भले ही बाढ़ की स्थिति न हो, लेकिन मानसून के मौसम में जंगलों में पानी इकट्ठा हो जाता है और किसी भी वाहन के लिए आवाजाही पर भी रोक लग जाती है। बाघ क्षेत्रों में ऐसा माना जाता है कि ये वो समय होता है जब वो इस दौरान अपनी प्रजनन प्रक्रिया पर होते हैं, वैसे ऐसा नहीं हो सकता जिसकी वजह से नेशनल पार्क बंद किया जाए। हां शायद, ये हो सकता है कि वन्यजीवों को भी अपने क्षेत्र में पर्यटकों से कुछ समय के लिए छुटकारा चाहिए हो, तो इस वजह से मानसून में नेशनल पार्क को बंद किया जाता हो।



### रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान

रणथंभौर नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व 30 जून को बंद कर दिया जाएगा। लेकिन निराश होने की जरूरत नहीं है, इस पार्क में आप फिर से 1 अक्टूबर से घूम सकते हैं। अगर आपके पास समय है तो परिवार वालों के साथ 30 से पहले यहां जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। हालांकि यहां के सभी कोर जोन अभी बंद हैं, लेकिन बफर जोन और गेट 6-10 खुले रहेंगे। यदि आप निवासी पक्षियों में रुचि रखते हैं, तो कुछ ऑफ-सीजन पक्षी अभी भी बफर जोन में आपको दिखाई दे जाएंगे।

### कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश

हालांकि पार्क तकनीकी रूप से अभी भी खुला हुआ है, लेकिन 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटकों के लिए ये जगह बंद कर दी जाएगी। मानसून के मौसम के दौरान, इस जगह की सड़कों पर आवाजाही करना मुश्किल हो जाता है, जिसकी वजह से पर्यटकों के लिए रोक लगा दी जाती है।

### बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान भी 1 जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहेगा। हालांकि खुलने की तारीखें अलग-अलग हो सकती हैं। सभी कोर ज़ोन बंद होने के साथ, आप अभी भी पनपथ, जोहिला और धमोखर के बफर ज़ोन पर घूम सकते हैं। ये ज़ोन पूरे साल खुले रहते हैं, लेकिन मानसून के मौसम में सड़क की स्थिति काफी खराब रहती है।

### ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान, महाराष्ट्र

तडोबा राष्ट्रीय उद्यान 30 जून से 15 अक्टूबर तक बंद रहेगा। हालांकि, यहां का बफर जोन पूरे साल खुले रहते हैं। यदि आप पक्षी देखने में रुचि रखते हैं, तो ताडोबा जंगल सफारी करते हुए कुछ दिलचस्प निवासी प्रजातियों को देखने के लिए अच्छी जगह हैं।




### काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, असम

काजीरंगा भारतीय गैंडों की प्रजातियों के लिए जाना जाता है, लेकिन अभी इसे पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। पार्क 1 मई से 1 अक्टूबर तक बंद रहता है। यहां लोगों के लिए हाथी और जीप सफारी एक्टिविटीज शामिल हैं, जिनकी मदद से लोग नेशनल पार्क का मजा उठा सकते हैं। आपको बता दें, असम में मानसून के समय भारी बारिश होती है, और पार्क व आसपास के क्षेत्रों में बढ़ आ जाती है, जिस वजह से यहां पक्षियों को भी देख पाना मुश्किल हो जाता है।



### मानस राष्ट्रीय उद्यान, असम

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की तरह, मानस भी हर साल मई से अक्टूबर तक पर्यटन सीजन के लिए बंद रहता है। मानस में भारी बारिश और बाढ़ की समस्या काजीरंगा जैसी ही है।



## ये भारत की सबसे आलिशान ट्रेनें जिनकी ठाठ-बाट है एकदम अलग, एक में तो सोने के बर्तनों में खिलाते हैं खाना



पर्यटन के लिहाज से हमारा देश राजसी स्मारक, शानदार टूरिस्ट प्लेस से घिरा हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर रॉयल सुविधाओं वाली ट्रेनें भी टूरिज्म को बढ़ावा देने में लगी हुई हैं। देश में ऐसी कई तरह की लग्जरी ट्रेनें हैं, जिनमें सफर करने का अनुभव अलग ही है। लेकिन हां, इनमें यात्रा करने के लिए किराया इतना है कि शायद आप एक अच्छा खासा विदेश टूर कर लेंगे। इन ट्रेनों का मजा लेने के लिए न केवल देसी बल्कि विदेशी सैलानी भी इनका आनंद उठाने के लिए आते रहते हैं।

**पैलेस ऑन व्हील्स :** शाही राजस्थान का गौरव, पैलेस ऑन व्हील्स अपनी खूबसूरत डिजाइनिंग के साथ राजस्थान की संस्कृति के बारे में काफी कुछ बताता है। ट्रेन 1982 में फिर से शुरू की गई थी, जो ब्रिटिश काल के शाही ट्रेन के डिब्बों पर आधारित थी, जो तत्कालीन शासकों के प्राइवेट कोच हुआ करते थे। ये ट्रेन नई दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करती है और दिल्ली लौटने से पहले जयपुर, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, भरतपुर और आगरा को कवर करती है। अगर आप इस शाही यात्रा का अनुभव करने की योजना बना रहे हैं, तो आपकी जेब में 3,63,300 होने चाहिए।

**महाराजा एक्सप्रेस :** आईआरसीटीसी के स्वामित्व में और संचालित महराजा एक्सप्रेस भारत की सबसे लग्जरी ट्रेन है। ये लगभग 12 डेस्टिनेशन को कवर करते हुए अक्टूबर और अप्रैल के बीच चलती है, जिनमें से ज्यादातर जगहें राजस्थान की होती हैं। वहीं एक व्यस्क के लिए डीलक्स केबिन का किराया 4 दिन और 3 रातों के लिए 3,850 (लगभग 2 लाख 80 हजार रुपए) है, अगर आप प्रेसिडेंशियल सुइट बुक करते हैं तो इसका किराया .12,900 तक बढ़ जाता है। ट्रेन सितंबर और अप्रैल के महीनों के बीच पांच यात्रा कार्यक्रमों की लिस्ट प्रदान करती है, जिसमें शाही परिवार के सदस्यों से मिलना, जयपुर में हाथी पोलो मैच में भाग लेना और खजुराहो के मंदिरों को देखने जैसे अनुभव शामिल हैं। आपको बता दें, महाराजा एक्सप्रेस में दो रेस्टोरेंट हैं, एक मोर महल और दूसरा रंग महल। इन दोनों महलों की भव्यता हैरान कर देने वाली है। इनमें खाना सोने की परत चढ़ाए बर्तनों में दिया जाता है।

**रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स :** पैलेस ऑन व्हील्स की सफलता के बाद, भारतीय रेलवे ने 2009 में इस लग्जरी ट्रेन की शुरुआत की थी। ये ट्रेन भी पैलेस ऑन व्हील्स वाले मार्गों पर यात्रा करती है। पर्यटकों को राजस्थान से होते हुए ये ट्रेन आपको 7 दिन और 8 रात की यात्रा पर ले जाती है। इसका किराया अन्य लक्ज़री ट्रेनों की तुलना में कम है, ट्विन शेयरिंग डीलक्स केबिन के लिए यहां का प्रति व्यक्ति किराया 48 हजार के आसपास है।

**द गोल्डन चेरियट :** ये लग्जरी ट्रेन दक्षिण भारत में कर्नाटक, गोवा, केरल, तमिलनाडु और पांडिचेरी राज्यों के लोकप्रिय स्थानों की सैर करवाती है। 7 रातों के लिए टैरिफ 1,82,000 रुपए प्रति व्यक्ति है। ये ट्रेन यात्रियों को हरे-भरे जंगलों और लुभावने झरनों से ले जाती है। साथ ही इसमें आप एक स्पा, रेस्टोरेंट और एक बार भी देख पाएंगे।

**द डेक्कन ओडिसी :** पैलेस ऑन व्हील्स के मॉडल पर आधारित इस ट्रेन को महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। यह मुंबई से चलती है, जिसमें रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, गोवा, औरंगाबाद, अजंता-एलोरा नासिक, पुणे सहित 10 लोकप्रिय पर्यटन स्थल शामिल हैं। प्रति व्यक्ति एक डीलक्स केबिन की कीमत . 5,810 है, वहीं आपको प्रेसिडेंशियल सुइट बुक की कीमत . 12,579 पड़ेगी।

## सुहाने मौसम में निकल जाएं हरियाणा के सोहना हिल्स, दिल्ली और गुड़गांव के बगल में पड़ती है यह जगह

सोहना देश के हरियाणा राज्य का एक खूबसूरत शहर है। सोहना को दिल्ली से सटे होने के साथ-साथ इसके मंदिरों, किलों और सबसे महत्वपूर्ण, इसके गर्म पानी के झरनों के लिए जाना जाता है। न केवल दिल्ली बल्कि ये जगह गुड़गांव से भी अच्छी से जुड़ी हुई है और देश के किसी भी हिस्से से आप यहां तक आसानी से पहुंच सकते हैं। दिल्ली और हरियाणा वासी अक्सर वीकेंड पर घूमने के लिए इस जगह को भी चुनते हैं। अगर आप भी ऐसे सुहाने मौसम में छुट्टी के दिनों में एक या दो दिन के लिए कोई मजेदार जगह की तलाश में हैं, तो एक बार आपको सोहन हिल्स जाना चाहिए।



**दमदमा झील :** गुड़गांव से लगभग 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, दमदमा झील पहाड़ियों और हरियाली से घिरा एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है। झील में बोटिंग की सुविधा, जोरबिंग और ऐसी अन्य एडवेंचर एक्टिविटीज हैं, जिनका मजा आप यहां रहकर ले सकते हैं। पिकनिक स्पॉट उन परिवारों के बीच सबसे ज्यादा फेमस है जो अपने जीवन में एक दिन के लिए रोमांच चाहते हैं। हरियाणा सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए, झील में एक छोटा सा रेस्टोरेंट भी है, जहां कोई भी स्नैक्स और ठंडी ड्रिंक्स खरीद सकता है और खूबसूरत नजारों का आनंद उठा सकता है।

**सोहना झील और पानी के झरने :** सोहना नाम स्थानीय कहानियों से लिया गया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां की रेत सोने से भरी हुई है। यहां के पानी झरने में सल्फर है, जिसमें कई चिकत्सीय और औषधीय गुण मौजूद हैं। आपको बता दें, गर्म सल्फर के पानी को कई प्रकार के त्वचा रोगों के इलाज के लिए जाना जाता है। इस स्प्रिंग की मदद से यहां सॉना और स्पा कॉम्प्लेक्स में भी खोले गए हैं। आप यहां स्टीम बाथ का मजा ले सकते हैं। मिनी-स्विमिंग पूल के साथ स्प्रिंग के एक प्रमुख टूरिस्ट अट्रैक्शन है। स्प्रिंग का मजा लेने के लिए यात्रियों को पहले से बुकिंग करानी पड़ती है।

**सोहना हिल फोर्ट :** सोहना हिल किला या सोहना का भरतपुर हिल किला अरावली रेंज में सोहना शहर के पास स्थित है। किले के खंडहर एक पहाड़ी के ऊपर स्थित हैं। हाईवे 71बी के सड़क किनारे आपको किले के गढ़ देखने को मिल जाएंगे। कई बार ध्वस्त होने के बाद और फिर से बार-बार निर्माण के बाद, ये खंडहर हो चुका फोर्ट वीकेंड पर मौज मस्ती करने के लिए परफेक्ट जगह है।

**एडवेंचर कैंप सोहना :** शहर के एक छोटे से हिस्से में बसा ये एडवेंचर कैम्प अपने पर्यटकों को कैम्पिंग और ट्रैकिंग के साथ-साथ रॉक क्लाइबिंग का भी रोमांचक अनुभव देता है। कॉरपोरेट गेटवे के बीच लोकप्रिय, कैंप में एक रोप कोर्स, पेंटबॉल क्षेत्र और माउंटेन रैपलिंग भी है। यहां का खाना और नाश्ता बेहद स्वादिष्ट है और दिल्ली से कुछ ही दूरी पर कैंपिंग का जो मजा है, आपको एकदम हिल स्टेशन वाली फील देगा। इस वीकेंड आप अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ यहां जाने का प्लान बना सकते हैं।

### सोहना हिल्स कैसे पहुंचे

**हवाई मार्ग से :** पास का हवाई अड्डा दिल्ली में गुड़गांव के माध्यम से शहर से लगभग 55 किमी दूर है। आप हवाई अड्डे से कैब किराए पर ले सकते हैं या सोहना पहुंचने के लिए लोकल ट्रांसपोर्ट में जा सकते हैं।

**ट्रेन से :** सोहना के लिए पास का रेलवे स्टेशन दिल्ली में है, जो कि गुड़गांव के माध्यम से काफी अच्छे से जुड़ा हुआ है। यह घाटी को देश के उत्तरी और दक्षिणी दोनों भागों से जोड़ता है। दिल्ली से सोहना पहुंचने के लिए आप किसी भी स्टेशन से टैक्सी किराए पर ले सकते हैं या लोकल ट्रांसपोर्ट में जा सकते हैं।

**सड़क मार्ग से :** एचएसआरटीसी और लोकल ट्रांसपोर्ट हरियाणा राज्य के कोने-कोने से सोहना के लिए कई बस सर्विस देते हैं। गुड़गांव से भी सोहना के लिए रोजाना चलने वाली बस ले सकते हैं।

## बरसात के दिनों में इन खूबसूरत जगहों पर घूमने जरूर जाएं

देश की राजधानी दिल्ली अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। दिल्ली में कई प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल हैं, जिनका नाम युनेस्को विश्व विरासत स्थल में शामिल हैं। इनमें लाल किला, जामा मस्जिद, कमल मंदिर, कुतुबमीनार, इस्कॉन मंदिर, पुराना किला, इंडिया गेट, राष्टपति भवन, अक्षरधाम मंदिर आदि प्रमुख हैं। बड़ी संख्या में पर्यटक देश-विदेश से दिल्ली घूमने आते हैं।

अगर आप भी बरसात के दिनों में दिल्ली घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो इन खूबसूरत जगहों की सैर कर सकते हैं।

**सफदरजंग मकबरा :** अगर आप मुगलकालीन वास्तुकला की अनुपम रचना देखना चाहते हैं, तो सफदरगंज मकबरा देखने जाएं। इसका निर्माण 18वीं सदी में हुआ है। आज भी सफदरगंज मकबरा की खूबसूरती देखने लायक है। इतिहासकारों की मानें तो नवाब शुजादुल्लाह ने साल 1754 में सफदरजंग मकबरा बनवाया था। इस मकबरा का मुख्य गुंबद सफ़ेद संगमरमर पत्थर और शेष बलुआ पत्थर से बना है।



**लाल किला :** लाल किले का निर्माण भी शाहजहां ने करवाया था। साल 2007 में लाल किले को युनेस्को विश्व विरासत स्थल का दर्जा प्राप्त हुआ है। बरसात के दिनों में लाल किले की खूबसूरती बढ़ जाती है। इस किले के समीप जामा मस्जिद है। हर साल 15 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले की प्राचीर पर झंडा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।

**कुतुबमीनार :** अगर आप कुतुबमीनार घूमना चाहते हैं, तो बरसात के दिनों में कुतुबमीनार की सैर करें। मानसून के दिनों में कुतुबमीनार के चारों ओर हरियाली देखने लायक रहती है। इस मीनार का निर्माण 12 वीं सदी में हुआ है।

**पुराना किला :** चिड़ियाघर के समीप पुराना किला है। इस किले के नजदीक ही झील है, जो बरसात के दिनों में पूरा भर जाता है। इस मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग करने आते हैं। अगर आप बोटिंग का आनंद उठाना चाहते हैं, तो बरसात के दिनों में पुराना किला जरूर घूमने जाएं।

# पेंशनरों की समस्या समाधान हेतु शिविर कल

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** निदेशक पेंशन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार व अतिरिक्त निदेशक पेंशन एव पेंशनर्स कल्याण विभाग बीकानेर के आदेशानुसार पैशनरों की परिवेदनाओं के निवारण हेतु जिला कोष कार्यालय बीकानेर में 7 मई गुरुवार को शिविर का आयोजन होगा। राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी व नोखा के उपकोषाधिकारी रमेशकुमार व्यास ने उक्त जानकारी देते हुए सभी पेंशनरों से आग्रह किया है कि किसी भी पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर की कोई समस्या हो तो शिविर में उपस्थित होकर समाधान करवा लेवे। आयोजित होने वाले शिविर में पेंशनर्स अपनी परिवेदनाओं जैसे पारिवारिक पेंशनर्स के पीपीओ में जन्मतिथि का निर्धारण, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया ऐरियर भुगतान आदि समस्याओं का निराकरण करवा लेवे। अथवा पेंशन अपनी परिवेदनाओं को पेंशनर समाज या उपकोषाधिकारी के माध्यम से भिजवा सकते है। मोदी व व्यास ने कहा है कि कुछ पारिवारिकों के पेंशनरों के पीपीओ में उम्र का अंकन नहीं होगा पीपीओ चेक कर लेवे और जिन पारिवारिक पेंशनर के पीपीओ में उम्र अंकन नहीं है तो वो 12 सितम्बर 2008 से पूर्व का कोई प्रमाण अथवा उपखण्ड अधिकारी द्वारा जारी सपत पत्र पेश करके पीपीओ में उम्र दर्ज करवाना आवश्यक है पीपीओ उम्र दर्ज नहीं होने पर उम्र के हिसाब से बढ़ने वाली पेंशन नहीं बढ़ेगी। दोनों ने शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने व प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया है।

# पशु चोरी गैंग का पर्दाफाश, शातिर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दौलतपुरा थाना पुलिस ने पशुधन चोरी करने वाली एक सक्रिय गैंग का पर्दाफाश करते हुए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के एक शातिर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में राजस्थान के विभिन्न जिलों में 15 से अधिक पशु चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि दौलतपुरा थाना पुलिस ने पशुधन चोरी करने वाली एक सक्रिय गैंग का पर्दाफाश करते हुए उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी दिलशाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने कानोता, बस्सी, टोंक, सवाई माधोपुर और दौसा सहित कई जगहों पर कुल 15 पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस फिलहाल आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है और चोरी किए गए पशुधन की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 4 जनवरी 2026 को परिवादी मुकेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 जनवरी 2026 की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर के पीछे बंधी तीन भैंसे चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त चौमू उषा यादव के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के करीब 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 50 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की। इसके अलावा घटनास्थल से बीटीएस तकनीक के जरिए संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल का विश्लेषण किया गया।

अनुसंधान में सहारनपुर उत्तर प्रदेश के दिलशाद की भूमिका सामने आई। पुलिस टीम ने भरतपुर और उत्तर प्रदेश में दबिश देकर आरोपित दिलशाद को गिरफ्तार किया।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रामगंज थाना क्षेत्र में स्कूटी सर्विस के एक मामूली विवाद को लेकर लस्सी की दुकान पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल की गई धारदार छुरी भी जब्त कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर के अनुसार परिवादी मोहम्मद नईम कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शिकारियों की मोरी पर लस्सी की दुकान चलाता है। उसने अपनी स्कूटी सर्विसिंग के लिए अबरार मिस्त्री को दी थी। जब उसने बिना काम हुए स्कूटी वापस मांगी तो अबरार ने रुपये मांगे। परिवादी द्वारा इनकार करने पर तीन मई की रात अबरार अपने चार साथियों के साथ दुकान पर पहुँचा और धारदार छुरी से हमला किया जो उसके बाजू में धंस गई। घायल को तुरंत ट्रॉमा सेंटर एसएमएस अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर छुरी बाहर निकाली। इस घटना के बाद आरोपित फरार हो गए थे।

पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की मदद से अबरार अहमद निवासी पुरानी दिल्ली हाल जयसिंहपुरा खोर, मोहम्मद कदीम उर्फ मनव्वर निवासी गाजियाबाद , यूपी हाल निवासी गलता गेट, आफताब निवासी वन विहार कॉलोनी सहित एक अन्य आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में काम ली गई तलवारें, लोहे का सरिया और डंडे बरामद करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# आज 8 विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में जाएंगे प्रचार रथ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संचालित ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। जिला कलक्टर आशीष मोदी ने बताया कि 6 मई को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बाठोद, हरसावा बड़ा, गारिंडा, लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अलखपुरा, रिणु, दिसनाऊ एवं राजपुरा, धोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दीपपुरा चारणान, अनोखू, धोद, भीराणा, दांतारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रूपगढ़, दुधवा, रलावता एवं रेवासा,, खंडेला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खटुंदरा, गोरिया, सजनपुरा एवं बामणवास, नीमकाथाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा मोठूका, बेगाकी नांगल एवं दलपतपुरा में तथा श्रीमाधोपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ठठेरा, किशोरपुरा, बुर्जाकी ढाणी एवं हरदास का बास में एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

# एमडी गैस्ट्रोलाजी में स्वर्ण पदक हासिल करने पर व्यास ने विप्र समाज को किया गौरवान्वित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के 11वे दीक्षांत समारोह में डॉ आदित्य व्यास को एमडी गैस्ट्रोलाजी में राजस्थान के राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर लांबा निवासी हाल झुंझुनू निवासी उनके पिता विनोद व्यास का स्वागत किया। साफा, माला व भगवान परशुराम का प्रतीक चिह्न भेंट कर झुंझुनू के विप्र समाज के संगठनों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में गौड़ ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष पवन देरवाला, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, संगठन महामंत्री वशिष्ठ कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश चौमाल, युवा जिला अध्यक्ष ललित जोशी, शिक्षाविद् सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र भीमसरिया, पुजारी महासंघ के जिला अध्यक्ष विनोद पुजारी, रामचंद्र पाटोदा, अमित पांडे, सौरव जोशी, प्रवीण शर्मा, अंकित शर्मा, विवेक बावलिया आदि विप्र समाज के महानुभाव उपस्थित थे।



# फर्जी ई-चालान से सावधान, साइबर ठगों के नए जाल पर पुलिस की एडवाइजरी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है। खासकर आरटीओ और ई-चालान के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या ऐप से बचने की अपील की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में फर्जी ई-चालान के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। साइबर अपराधी अब तकनीकी रूप से अधिक सक्रिय और शातिर हो गए हैं तथा लोगों को भ्रमित कर उनके बैंकिंग और निजी डाटा तक पहुंच बना रहे हैं। एडीजी ने बताया कि ठग आमजन को आरटीओ चालान, एपीके, आरटीओ ई-चालान, एपीके और एम-परिवहन, एपीके जैसे नामों से फर्जी एपीके फाइलें भेजते हैं। इन फाइलों को डाउनलोड या इंस्टॉल करते ही मोबाइल में मैलवेयर सक्रिय हो जाता है, जिससे बैंकिंग डिटेल, ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी चोरी हो सकती है। वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी मैसेज में कोर्ट केस, वाहन ब्लैकलिस्ट या जेल जैसे शब्दों का उपयोग कर लोगों में भय पैदा करते हैं ताकि वे घबराकर तुरंत भुगतान कर दें। इसके अलावा सरकारी पोर्टल जैसी दिखने वाली फिशिंग वेबसाइटों के लिंक भी भेजे जाते हैं, जो असली वेबसाइट से मिलते-जुलते होते हैं। इसके अलावा कई मामलों में ठग खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर फोन करते हैं और चालान निपटाने, ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल या वाहन परमिट के नाम पर पैसे मांगते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की सभी कॉल पूरी तरह धोखाधड़ी का हिस्सा हैं। पुलिस के अनुसार असली ई-चालान मैसेज में वाहन नंबर के साथ इंजन और चेसिस नंबर के अंतिम पांच अंक अवश्य होते हैं, जबकि फर्जी मैसेज में यह जानकारी नहीं होती। साथ ही असली संदेश एक विशेष हेडर जैसे ऐड-ट्रैफिक से आते हैं, जबकि सामान्य मोबाइल नंबर से आए मैसेज फर्जी हो सकते हैं। पुलिस ने सलाह दी है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध ऐप को डाउनलोड न करें और केवल भारत सरकार के अधिकृत नेक्स्ट जेन एमपरिवहन ऐप का ही उपयोग करें। किसी व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को स्कैन करने से बचें क्योंकि सरकारी भुगतान हमेशा अधिकृत बैंक पेज जैसे एसबीआई ईपे या ईजीआरएएस पर ही होता है। संदिग्ध मोबाइल नंबर या एसएमएस की रिपोर्ट संचार साथी पोर्टल पर करें।

यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन या नेशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए। राजस्थान पुलिस ने स्पष्ट किया है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है, लेकिन आमजन की जागरूकता ही इस तरह की ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# जटिल शल्य चिकित्सा से गौ माता को मिला नया जीवन

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** जाखल गौशाला में एक गौमाता गंभीर कष्ट से जूझ रही थी, उसे बार-बार गर्भाशय बाहर आने की समस्या बनी हुई थी, जिसे चिकित्सकीय भाषा में गर्भाशय प्रोलैप्स कहा जाता है। जिससे वह अत्यंत पीड़ा और कमजोरी की स्थिति में पहुंच गई थी। ऐसी गंभीर परिस्थिति में गौ चिकित्सा सेवा केंद्र में ही डॉ नवनीत रोहिला एवं उनकी टीम द्वारा जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इस ऑपरेशन के बाद गौ माता को न केवल असहनीय पीड़ा से राहत मिली बल्कि अब वह पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही है। गौरतलब है कि गौशाला में संचालित गौ चिकित्सा सेवा केंद्र अब केवल सामान्य उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि यहां जटिल ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

आधुनिक उपकरण और आवश्यक औषधियों की उपलब्धता इस सेवा को और मजबूत बना रही हैं।

# सामाजिक न्याय एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार : गहलोत

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत मंगलवार को चूरू आए और चूरू विधानसभा क्षेत्र के सहनाली छोटी में ग्राम रथ अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रामीणों से संवाद कर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आमजन के सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने भी शिरकत की। चूरू पहुंचने पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और जिले में विविध गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाकर विकसित समाज व विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार कर रही है। प्रदेश सरकार की योजनाएं नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसी क्रम में पात्र व वंचित व्यक्तियों ग्राम रथ अभियान के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे पात्र लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन की दिशा में 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए हैं। इसी संकल्प को राजस्थान में साकार करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में 55 लाख लोगों ने गिव अप अभियान के तहत स्वेच्छा से लाभ छोड़ा है और 74 लाख नए व्यक्तियों को योजना से जोड़ा गया है। इसी क्रम में पशुपालकों के हितों का संरक्षण करते हुए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत प्रदेश में 42 लाख से अधिक पशुओं का बीमा किया गया है। प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को 1450 रुपए पेंशन राशि और छात्रावास में रहने वाले छात्रों को 3250 रुपए प्रतिमाह सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित लाभ पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में राजस्थान मजबूत कदम बढ़ा रहा है और ऊर्जा उत्पादकता प्रतिशत 55 से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास योजनाएं नए आयाम स्थापित कर रही हैं। प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बना रही है तथा किसान, युवा, महिला व मजदूर वर्ग के कल्याण हेतु संवेदनशील नीतियों पर काम कर रही है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, अटल ज्ञान केंद्र सहित प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सभी से जनगणना-2027 अंतर्गत स्वगणना करने की अपील की। इस अवसर पर चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि ग्राम रथ अभियान भजनलाल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बनाने का प्रभावी माध्यम है। इस रथ के माध्यम से सरकार की 13 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसान, महिला, युवा, मजदूर तक पहुंच रही है। सभी नागरिक इन रथों से जानकारी प्राप्त कर राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के दर्द को समझा और संबल देते हुए किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिवर्ष 09 हजार रुपए प्रदान कर किसानों का सम्मान किया है। हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना के माध्यम से जरूरतमंद तक खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को विकसित बनाने के लिए ग्राम रथ में रखी सुझाव पेटिका में अपने सुझाव दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू जिले में 1000 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य स्वीकृत किए हैं। इसी के साथ आरडीएसएस के माध्यम से 750 ढाणियों में विद्युत कनेक्शन के लिए सर्वे पूर्ण किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कोई ढाणी विद्युत कनेक्शन से वंचित नहीं रहेगी। उन्होंने चूरू विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी दी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति व गतिविधियों की जानकारी देते हुए ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

**लाभार्थियों को प्रदान किए एग्रीस्टेक आईडी व सहायक अंग उपकरण**-इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत व अतिथियों ने लाभार्थियों को नरेंद्र, दयानंद आदि किसानों को फार्मर एग्रीस्टेक आईडी प्रदान की तथा मानसिंह, मांगू सिंह, दशरथ सिंह, महमूद अली आदि को सहायक अंग उपकरण वितरित किए। इसी के साथ जगराज सिंह, डेड राम प्रजापत, पृथ्वी सिंह, संतलाल, राम सिंह, प्रीतम सिंह, पवन कुमार, महेंद्र कुमार, राकेश कुमार, रामरख, हरदत राम, बनवारी लाल, लालचंद, जमना देवी, भंवरलाल, दीवान सिंह, राजूराम, राधेश्याम, तीजा देवी, सांवताराम, गोपीराम, दशरथ सिंह, अर्जुन राम, रेवंतराम, हरिराम, माया देवी, बजरंग लाल, मूलाराम, आरती देवी, इंद्राज, मुंशी खान, विक्रम सिंह सहित अन्य प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कला जत्था लीडर दिलीप के नेतृत्व में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष में अजीतगढ़-दिवराला मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी की गई तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष रामगोपाल मंगावा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोदूराम बुनकर, अजीतगढ़ पूर्व सरपंच जगदीश चौधरी, श्रीमाधोपुर पूर्व प्रधान मक्खनलाल शर्मा, जिला महामंत्री पूरण गुर्जर, शहर अध्यक्ष मक्खनलाल स्वामी, दिवराला पूर्व सरपंच गंगाराम सैनी, गिरधारी नेहरा, रोशन सैनी, गोपाल मीणा, जेपी जाट, श्रवण गुर्जर, मोहनलाल बड़सीवाल, दीपू बांगड़, नितिन जोशी, सुशील दिवराला, जितेंद्र जांगिड़, सुरेश जांगिड़, भागचंद गुर्जर, नाथूराम कुमावत, ओमप्रकाश गुर्जर जुगराजपुरा, शंभू दयाल यादव, प्रभु सिंह शेखावत तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफलता की मिसाल : छींपा ने तीन विभागों में चयन पाकर बढ़ाया मान



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर के निवासी निर्मल कुमार छींपा पुत्र छगनलाल छींपा ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्ष 2011 में उनका चयन अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में लेखाकार (सहायक राजस्व अधिकारी) पद पर हुआ। इसके पश्चात वर्ष 2012 में उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता (वाणिज्य) पद पर सफलता प्राप्त की। बाद में वे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तारानगर में प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे। हाल ही में उन्होंने कॉलेज शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य पद पर चयन प्राप्त किया तथा 1 मई 2026 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाड़मेर में कार्यग्रहण किया। निर्मल कुमार छींपा की ये उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी इस सफलता से समाज में खुशी की लहर है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समाज एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अस्पताल में वॉटर कूलर भेंट



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** भीषण गर्मी में आमजन को ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाने की गर्ज से भामाशाह मदनसिंह पुत्र दीपसिंह ने राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदासकाबास में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए उन्नत क्वालिटी के वॉटर कूलर की सौगात सप्रेम भेंट की है। इस पुण्य कार्य के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर, समस्त स्टॉफ और पंचायत समिति सदस्य शमशेर सिंह शेखावत ने भामाशाह का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर गर्मजोशी से स्वागत अभिनन्दन सम्मान किया। अस्पताल प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों ने दानदाता के इस परोपकारी कदम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


## कार्यालय कोषाधिकारी, झुन्झुनूं

क्रमांक:- कोष/स्था./मशीन विथ मैन/2026/126 दिनांक:- 5/5/26

**निविदा सूचना 01/2026-27**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कोषालय झुंझुनूं हेतु दो तथा उपकोष पेंशन हेतु एक कुल तीन कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से खुली निविदा (तकनीकी-वाणिज्यिक/क्वालिफाइंग बिड व वित्तीय/प्राईस बिड) दिनांक 13.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं खुली निविदा दस्तावेज वेबसाईट "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है।
UBN NO. DTA2627SSOB00032
NIB NO. DTA2627A0035

**कोषाधिकारी**
**झुन्झुनूं**

## नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री आयुषी के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम मंजू देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम मंजू कुमारी है। भविष्य में मुझे मंजू कुमारी के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।
**मंजू कुमारी पत्नी अनिल कुमार, जाति-जाट**
**निवासी-कोलिण्डा का बास उत्तर, तहसील-बिसाऊ, जिला-झुंझुनू (राज.)**

## नाम परिवर्तन

मेर पुत्र यश के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम मंजू देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम मंजू कुमारी है। भविष्य में मुझे मंजू कुमारी के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।
**मंजू कुमारी पत्नी अनिल कुमार, जाति-जाट**
**निवासी-कोलिण्डा का बास उत्तर, तहसील-बिसाऊ, जिला-झुंझुनू (राज.)**

# ग्राम रथ अभियान : हर नागरिक तक पहुंचाई गई विकास योजनाओं की जानकारी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने न केवल योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि उनका लाभ लेने के लिए आगे भी आए। मंगलवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के बीबीपुर छोटा, नयाबास एवं माण्डेला बड़ा, लक्ष्मणगढ़ के बादूसर, रोरू बड़ी, बगड़ी एवं कुमास जाटान, धोद के नेतडवास, नागवा, पेवा एवं बोसानाय दांतारामगढ़ के मोटलावास, मुण्डियावास एवं सुलियावास, खण्डेला के फतेहपुरा, भोमियान, छारा, गोकुल का बास एवं रोयल, नीमकाथाना के डूंगाकीनांगल, पाटन, धांधेला एवं राजपुरा तथा श्रीमाधोपुर के हथोरा, पिथलपुर, रायपुर, जागीर एवं खटकड़ गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। ग्राम रथ के पहुँचते ही ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया और कार्यक्रम स्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से अधिकाधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा गीत, भजन एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर जागरूक किया गया।

ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव एवं फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाकर उन्हें योजनाओं से जोड़ना है।

ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति की प्रभावी व्यवस्था की गई है।



## नरेंद्र गुर्जर ने की बेडम से शिष्टाचार मुलाकात



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** प्रदेश सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम से सुजानगढ़ गुर्जर समाज के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर ने शिष्टाचार भेंट की है। नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, युवाओं के रोजगार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें मुख्यधारा में आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने का किया आग्रह किया गया। गुर्जर ने बताया कि सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर भी विशेष चर्चा हुई। गुर्जर ने बताया कि समाज और सरकार के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी हम लोगों ने कई अहम कार्य कर रहे हैं। साथ ही गृह राज्य मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर, प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## बिना तैयारी शुरू हुई सीवरेज बनी जी का जंजाल

### खुले में छोड़ रहे सीवरेज का पानी, अंडरपास भरा



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में चल रही सीवरेज परियोजना एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। एलएनटी कंपनी की लापरवाही के चलते शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां आधी अधूरी सीवरेज लाईन को जल्दबाजी में शुरू करने का खामियाजा अब आमजन को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार रेलवे अंडरपास के पास बने सीवरेज के बड़े हॉल में लीकेज होने से गटर लाईन का गंदा पानी रिसाव होकर निर्माणाधीन अंडरपास में भर गया है। इस स्थिति के कारण आसपास के क्षेत्रों में तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। लोगों का कहना है कि बदबू के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ने लगे हैं।

### खुले में छोड़ रहे गटर का पानी, आंदोलन की चेतावनी

वार्ड संख्या 38 के लोगों का आरोप है कि एलएनटी के कार्मिक सक्शन मशीन लगाकर सीवरेज का गंदा पानी रेलवे लाइन के पास खुले मैदान में छोड़ रहे हैं। इससे गंदगी और संक्रमण फैलने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। मंगलवार को वार्डवासियों में इसको लेकर भारी आक्रोश देखा गया। इस मामले में संदीप प्रजापत ने जिला कलेक्टर अवधेश मीणा एवं रूडीप के आला अधिकारियों को शिकायत दर्ज करवा कर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई कर समस्या के समाधान की मांग की है। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर वार्डवासियों ने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## पीएम स्वनिधी योजना के अंतर्गत ऋण कैंप आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के आदेशानुसार नगर परिषद सीकर वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार पीएम स्वनिधी प्रभारी सचिव नगर परिषद पूनम महला के नेतृत्व में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत ग्राम दुजोद स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में विशेष ऋण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना रहा। कैंप के दौरान योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में 15 हजार के ऋण के लिए पात्र आवेदकों के फॉर्म मौके पर ही भरवाए गए व चैक वितरण भी किया तथा उन्हें योजना की पूरी जानकारी भी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों एवं नगर परिषद टीम द्वारा लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कैंप में अग्रणी जिला प्रबंधक नंदलाल, ग्राम दुजोद पंजाब नेशनल बैंक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ललित लाखिवाल, जिला परियोजना अधिकारी जगदीश सिंह जाखड़, अरुण पारीक, लक्ष्मीकांत शर्मा, आदर्श पूनिया इस अवसर पर उपस्थित रहें। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधी योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

## निराश्रित गौवंश हटाने को नगरपालिका का विशेष अभियान

निसं



**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** शहर में बढ़ती निराश्रित गोवंश की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका प्रशासन नीमकाथाना ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर घूम रहे गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है। पालिका के अधिशाषी अधिकारी नीमकाथाना रणजीत सिंह ने बताया कि नगरपालिका की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों और बाजारों में विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा जा रहा है। पकड़े गए गोवंश को अस्थायी रूप से गौशालाओं एवं निर्धारित स्थलों पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पशु मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें। नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित पशु मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ईओ ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करेंए ताकि शहर को स्वच्छए सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

## भाजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आज झुंझुनू कोर्ट परिसर में बंगाल, आसाम और पुडुचेरी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एडवोकेट हनुमान सिंह महला व अध्यक्ष लेखाकार संघ रामावतार कुमावत के नेतृत्व सभी साथी अधिवक्ताओं के साथ एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां मनाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ललित कुमार जोशी ने इस जीत को अभूतपूर्व बताते हुए इसे राष्ट्रवाद की जीत बताया और बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और बलिदान को समर्पित किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों पर ये जनता का अटूट विश्वास था जो इतनी बड़ी जीत भाजपा को मिली। कार्यक्रम में प्रमोद महमिया, पवन टाइपिस्ट, सुंडाराम, सतीश कटेवा, महेश शर्मा, संत कुमार सैनी, राजेश महमिया, कृष्ण कुमार महमिया, सैयद अजीज नकवी, सुरेश कालेर, महेंद्र लोटासरा, अजीत राहड़, सनवर कुरैशी, जाहिर हुसैन, महेश कौशिक, योगेश कटारिया, आजम फारूकी पीरजी, भवानी शेखावत, योगेश चौमाल एवं लोकेश अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार राज्य के स्कूली किशोरों को विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं समसामयिक सामाजिक-कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करने के लिए संचालित राज्यव्यापी फ्लैगशिप कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर रूपा गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर शालिनी गोयल द्वारा 5 मई 2026 को साइबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण एवं न्याय तक समावेशी पहुंच विषय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भढाढर, लक्ष्मणगढ़, सीकर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल के तहत स्कूली विद्यार्थियों को साइबर अपराध, बाल विवाह, घरेलू हिंसा एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर दुर्व्यवहार, सोशल मीडिया के संभावित खतरों एवं साइबर सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक करते हुए उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं वर्तमान सामाजिक-कानूनी मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं एवं सुझावों के निवारण के लिए कोर्ट वाली दीदी नामक शिकायत पेटिका विद्यालय परिसर में आगामी तीन दिवसों के लिए स्थापित की गई है, जिससे विद्यार्थी अपनी शिकायतें एवं सुझाव गोपनीय रूप से प्रस्तुत कर सकें।

## इवेंट मैनेजर्स डे की इस साल की थीम ग्लोबल पीस थ्रू इवेंट




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्तमान समय में विश्वभर में बढ़ती हिंसा, संघर्ष और युद्ध जैसी परिस्थितियों के बीच इवेंट इंडस्ट्री ने इवेंट मैनेजर्स डे के तहत एक सकारात्मक पहल के साथ इस वर्ष की थीम ग्लोबल पीस थ्रू इवेंट्स निर्धारित की है।

इवेंट मैनेजर्स डे के ग्लोबल ग्लोबल कन्वीनर अरशद हुसैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य कला, संस्कृति और आयोजनों के माध्यम से पूरी दुनिया में शांति, सौहार्द और प्रेम का संदेश फैलाना है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी अशांति के माहौल को देखते हुए वैश्विक स्तर पर इवेंट मैनेजर्स और कलाकार एकजुट होकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इस अनूठे प्रयास के तहत विभिन्न देशों में रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एकजुट करने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का लक्ष्य रखा गया है। जयपुर से शुरू हुए इवेंट मैनेजर्स डे भारत के अलावा 60 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इस साल यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर फोरम प्रेजिडेंट, हितेंद्र शर्मा, जर्नल सेक्रेटरी, भुवनेश अग्रवाल, आशीश चतुर्वेदी, मिस राजस्थान के योगेश मिश्रा, अक्षत पुरोहित, यश महेश्वरी, सुरेश कुमावत और अभिनीत शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस अभियान के पोस्टर का विधिवत विमोचन भी किया और इस पहल की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

## अब नवीन प्रावधानों के अनुसार ही जन्म प्रमाण पत्र में हो सकेगा नाम परिवर्तन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी सीकर डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता द्वारा मूल नाम (प्रथम नाम) में परिवर्तन, मूल नाम के साथ मध्य नाम में पिता या माता का नाम जुड़वाना अथवा परिवर्तन तथा पूर्व में दर्ज सरनेम में परिवर्तन अब राजस्थान राज्य के निवासियों के लिए राजस्थान सरकार के राजपत्र तथा अन्य राज्यों के निवासियों के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन के आधार पर ही किए जा सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में केवल मूल नाम दर्ज है और माता-पिता द्वारा उसका सरनेम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में माता-पिता के सरनेम संबंधी दस्तावेज एवं साक्ष्य प्राप्त कर एक साधारण शपथ पत्र (स्टाम्प पेपर पर) के आधार पर बच्चे के नाम में माता-पिता के सरनेम के अनुसार सरनेम जोड़ा जा सकता है।

## पूर्व जिलाध्यक्ष मावंडिया ने की सीएम से मुलाकात

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एंव राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर उन्हे मिठाई खिलाकर एंव पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी। मंगलवार दोपहर में मुख्यमंत्री आवास पर हुई मुलाकात के दौरान मावंडिया ने जिले में बिजली और पेयजल के अलावा विभिन्न राजनीतिक विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## तीन दिवसीय ऑपरेशन क्रैकडाउन में 700 से अधिक असामाजिक तत्व गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए गए तीन दिवसीय विशेष एरिया डोमिनेशन एवं ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत 700 से अधिक असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया गया।

अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

इस अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आलोक सिंघल के नेतृत्व में समस्त सहायक पुलिस आयुक्तों की देखरेख में 194 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान पुलिस ने 564 स्थानों पर दबिश दी और 700 से अधिक संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों को हिरासत में लिया। इनमें 2 हार्डकोर अपराधी, 15 हिस्ट्रीशीटर, 15 स्थायी वारंटी तथा एक टॉप-10 अपराधी भी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने 548 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएस तथा 17 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 129 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है। वहीं अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थों से जुड़े 5 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अवैध शराब के 40 मामलों में 39 आरोपियों को पकड़ा गया। इसके अलावा अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई में 2 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के फिंगरप्रिंट्स लिए गए हैं। रिकॉर्ड के सटीक सत्यापन के लिए इनका मिलान राजकॉप और आईसीजेएस पोर्टल पर किया गया है।

इसके अलावा सोसायटियों में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की भी सघन जांच की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगामी माह में भी अपराधियों के विरुद्ध यह प्रो-एक्टिव पुलिसिंग और धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा।

## छैलाराम नगर में बन रही सीसी सड़क पर बवाल

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** छैलाराम नगर मेंकाफी समय से लोगों द्वारा की जा रही सड़क की मांग पूरी होने से पूर्व ही उसमें अनियमितताओं की बाढ़ आना शुरू हो गई है। यहां अधिकारियों के बिना जांच ही माल डाला जा रहा है। माल को देखने मात्र से यह जाहिर होता है कि 6 से 7 माह का समय भी यह नव निर्मित सड़क नहीं पकड़ पाएगी। बताया जा रहा है कि 20 फीट चौड़े रास्ते में 4 मीटर चौड़ी सीसी सड़क डाली जा रही है। उसमें भी ठेकेदार अपने मतलब और जान पहचान के लोगों को खुला लाभ और बिना पहचान के लोगों की अनदेखी कर रहा है। नाली निर्माण के लिए छोड़ी जा रही जगह पर अपनी पहचान वालों के घर के सामने नाली की जगह छोड़ने की बजाए रोड़ी डालकर सड़क डालने का काम किया जा रहा है। सड़क का लेवल भी नहीं निकाला गया। जिससे कहीं पानी भरने और कहीं निचे खाली जगह होने के कारण जल्द टूटने की पूरी सम्भावना हैं। जिसका लोगों ने मंगलवार को विरोध किया। लोगों का कहना है की एक तरफ नाली की जगह ना छोड़कर ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर रहा हैं। जिसका बस्ती के लोग विरोध कर रहे हैं। विरोध कर रहे लोगों के बीच जाकर निवर्तमान पार्षद प्रदीप कुमार सैनी ने ठेकेदार से समानता के हिसाब से सक निर्माण की बात की। प्रदीप ने एक तरफ नाली की जगह ना छोड़कर दिवार तक सड़क बनाने का विरोध कर नाली की जगह छोड़ने की बात कहीं। जिसे ठेकेदार ने मानकर दोनों तरफ नाली की जगह छोड़ने की बात कहीं। जिसके बाद काफी देर तक रूका सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस दौरान प्रदीप सैनी, श्रीराम सैनी, दलीप सैनी, शेर सिंह सैनी, अशोक सोनी, ओमप्रकाश सैनी, मनोहर सैनी, दलिप सैनी, गंजानद सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, संतोष सैनी सहित छैलाराम नगर के लोग उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले गैस एजेंसी संचालक सहित तीन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सोडाला थाना पुलिस और रसद विभाग ने एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सोडाला इलाके में अवैध रूप से गैस सिलेंडर बेचते हुए गैस एजेंसी संचालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि जयपुर शहर में रिहायशी इलाकों में वाहनों के जरिए अवैध रूप से गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थी।

इन शिकायतों के आधार पर रसद विभाग की प्रवर्तन अधिकारी कविता शर्मा और सोडाला थाना पुलिस ने जमुना नगर विस्तार सुशीलपुरा स्थित एक खाली प्लॉट पर दबिश दी। जहां दबिश के दौरान मौके पर पुलिस ने एक बोलेरो पिकअप और भारी मात्रा में 97 घरेलू 14.2 किग्रा और 2 व्यावसायिक 19 किग्रा गैस सिलेंडर सहित एक चौपहिया, पिकअप, दो दुपहिया वाहन बरामद किए। वहीं पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपित सुरेश योगी और कुलदीप योगी मिलकर अजमेर स्थित श्री कृष्णा एचपी गैस सर्विस से सिलेंडर अवैध रूप से खरीदते थे। पुलिस ने इस मामले में गैस एजेंसी के संचालक वेणी गोपाल को भी गिरफ्तार किया है। जिसने लालच में आकर बिना बुकिंग के आरोपितों को सिलेंडर उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपित सुरेश और कुलदीप करीब एक साल से इस धंधे में शामिल थे। वे निर्धारित दर से 100 रुपये अधिक कीमत पर जरूरतमंद लोगों को सिलेंडर बेचते थे। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपितों ने अपनी पिकअप पर एचपी गैस का लोगो भी लगवा रखा था ताकि चेकिंग के दौरान वे पकड़े न जाएं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ईसी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190